

सुप्रभात
रांची, रविवार
02.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 257



12 ड्रेसिंग सेंस को ले उर्फी ने माफी मांगी



# घाटशिला कॉलेज ने अस्थायी सहायक प्राध्यापक बहाली के लिए निकाले गए विज्ञापन को किया रद्द

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खबर मन्त्र इंपैक्ट**

**रांची।** दैनिक अखबार खबर मन्त्र में बीते 28 मार्च को छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए घाटशिला कॉलेज ने अस्थायी सहायक प्राध्यापक बहाली के लिए विज्ञापन को रद्द कर दिया है। बता दें कि कोल्हान यूनिवर्सिटी के अंदर आने वाले घाटशिला कॉलेज ने अस्थायी सहायक प्राध्यापक बहाली के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए योग्यता संबंधित विषय में स्नातकोत्तर, नेट और पीएचडी मांगी गई थी। इसके लिए अधिकतम ₹8500 मानदेय निर्धारित था, जबकि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों में अधिकतम 36000 रुपए निर्धारित है। 31 मार्च के अंक में दैनिक खबर मन्त्र ने प्रमुखता से छापा था। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 1 अप्रैल को नोटिस जारी कर विज्ञापन रद्द किया।


Tender ref. No : 01-RAM-2023 Dated:- 01/04/2023

**District Collectorate District Supply Office**
**Ramgarh, Jharkhand**

INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF RAMGARH DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 01.04.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Ramgarh, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari<br>Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non -Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Ramgarh Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Ramgarh,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure -11 |
| 7. | Bid Submission Start | 01.04.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 21.04.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 24.04.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 08.04.2023 (https://meet.google.com/jrv-oarg-fct 3:00 to 4:00 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://ramgarh.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://ramgarh.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 294320 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D — District Supply Officer Ramgarh



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा।**

:: शुद्धि –पत्र ::

इस कार्यालय के पत्रांक 811 दिनांक 27.03.2023 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/CHAIBASA/25/2022-23** जिसका **PR No. 293800** West Singhbhum (22-23)_D है। जिसे निम्नवत् संशोधित किया गया है:–

| | |
|---|---|
| 1. | चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम) जिला के संवेदक ही निविदा में भाग लेगें। |
| 2 | कंडिका 4 को विलोपित करते हुए निविदा अभिलेख का Hard Copy अनुमण्डल कार्यालय कंट्रोल रूम चाईबासा दिनांक 12.04.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 2:00 बजे अपराह्न तक जमा लिया जाएगा। |
| 3 | कंडिका 5 एवं 6 को विलोपित करते हुए अभियंता प्रमुख–सह– अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक 998 दिनांक 22.03.2023 Earnest Money Online प्राप्त करने की सुविधा/प्रक्रिया प्रारम्भ होने तक ग्रामीण कार्य विभाग एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र की योजना के निविदा में Jharkhand PWD Code की कंडिका–161 (ii) के अनुरूप प्रावधान किया जाना सुनिश्चित किया जाय। |
| 4 | उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम का पत्रांक 1679 दिनांक 23.12.2022 के आलोक में निविदा डालने के समय चाईबासा जिलान्तर्गत किसी भी प्रमण्डल/विभाग द्वारा आवंटित कार्य एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देना होगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पश्चिमी सिंहभूम उनके विरूद्ध कारवाई करने हेतु स्वतंत्र होगें। |

नोट :– निविदा की शेष शर्त्ते यथावत् रहेगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
प० सिंहभूम चाईबासा

PR 294288 (West Singhbhum) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SVS/ CLUSTER/MED-29/2022-23 (2nd Call) का जो PR No. 293933 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के SVS/CLUSTER-58, SVS/CLUSTER-68, SVS/CLUSTER-83 & SVS/ CLUSTER-85 वेबसाईट पर ऑपलोड नहीं होने के कारण तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **29.03.2023 / 04.30 P.M.** | **30.03.2023** |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **03.04.2023 / 05.00 P.M.** | **04.04.2023 / 05.00 P.M.** |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

**PR.NO.294275 Drinking Water and Sanitation(22-23):D**



**नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड**
**नगर निगम, गिरिडीह**

अति अल्पकालिन ई०-निविदा आमंत्रण सूचना

1. अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**UDD/GMC/ 07 /3rd Call/2022-23** दिनांक – 31.03.2023

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित [illegible] | अग्रधन की [illegible] | परिमाण विपत्र का मूल्य [illegible] | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| i. | वार्ड नं० 10 में डुल्लु यादव के घर से मेन रोड में पुलिया निर्माण पंजाबी मुहल्ला हरिजन गली में नाली निर्माण एवं बरगण्डा चौक से पुराना साई मंदिर तक पेभर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 40,68,247.00 | 81,365.00 | 10,000.00 | 120 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक– 03.04.2023 (पूर्वाहन 11:00 बजे से) | | | |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 11.04.2023 ( अपराह्न 3:00 बजे तक ) | | | |
| 4. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात कार्यालय नगर निगम गिरिडीह में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 12.04.2023 ( अपराह्न 3:00 बजे तक) | | | |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक– 12.04.2023 (अपराह्न 4:00 बजे तक) | | | |
| 6. | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम | उप नगर आयुक्त, नगर निगम, गिरिडीह | | | |
| 7. | निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर | 7366966300, 8789992167, 9162536725, 9304218385 | | | |
| 8. | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाइन नम्बर | 0651-2491232 | | | |

नोट:– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। अन्य सूचनाऐं वेबसाईट http:WWW.Jharkhandtenders.gov.in/ नगर निगम गिरिडीह के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, गिरिडीह

PR 294274 Urban Development (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **239/RI/2022-23/RWD/LOHARDAGA** दिनांक :- **31.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ LOHARDAGA/12 /SRPKG-02/ 2022-23 | (i) चट्टी लोहरदगा बी०टी० रोड से कुन्दो बस्ती खेल मैदान भाया बड़गाँई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.850 कि०मी०)<br>(ii) बेड़ो लोहरदगा मेन रोड (कुन्दो पण्डरिया मोड़) से जमगाई तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.870 कि०मी०)<br>(iii) बिटपी से तिलसीरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.300 कि०मी०)<br>(iv) कैरो चट्टी रोड से गजनी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.900 कि०मी०)<br>(v) झारो मेन रोड से पण्डरिया टाना टोली पीच रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.400 कि०मी०)<br>(vi) बेदाल चौक से सुरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.230 कि०मी०) | 6,11,84,196.00 | छः करोड़ ग्यारह लाख चौरासी हजार एक सौ छियानवे रू० मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| 2. | RWD/ LOHARDAGA/13 /SRPKG-03/ 2022-23 | (i) आर०ई०ओ० रोड माराडीह से ढोवा मोड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.200 कि०मी०)<br>(ii) पी०एम०जी०एस०वाई० रोड मन्हो से बिजली ऑफिस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.850 कि०मी०)<br>(iii) जीमा से चटकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.710 कि०मी०)<br>(iv) महुवा टोली से कुजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.900 कि०मी०)<br>(v) हिरही (हर्रा टोली) से लोहरदगा कुडू मेन रोड से हिरही पाड़ा टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.600 कि०मी०)<br>(vi) डी०ए०भी० स्कूल जुरिया से पुरनाडीह सेमर टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.350 कि०मी०) | 6,46,01,499.00 | छः करोड़ छियाली स लाख एक हजार चार सौ निनानवे रू० मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **11.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **24.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **लोहरदगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– **25.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (25.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **26.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **लोहरदगा** के पक्ष में एवं **लोहरदगा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 294171Rural Work Department(22-23)#D**


## आंदोलन सहित सांगठनिक कार्यक्रमों की कोर कमेटी में हुई विस्तृत चर्चा

# 11 अप्रैल को गठबंधन सरकार के खिलाफ प्रोजेक्ट भवन सचिवालय पर प्रदर्शन करेगी भाजपा: दीपक

**राज्य के 32 हजार गांवों से उमड़ेगा जनसैलाब**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद सुनील कुमार सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवम विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय और डॉ दिनेशानंद गोस्वामी शामिल हुए।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत, धारदार, सर्वव्यापी सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी बनाने के साथ आगामी विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों और 11 अप्रैल को रांची में राज्य सरकार के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक जनांदोलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री प्रकाश ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद की गठबंधन सरकार से जनता ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में जनता सड़कों पर धरना देकर राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प व्यक्त कर रही है। उन्होंने युवाओं के द्वारा नियोजन नीति के खिलाफ बुलाए गए ऐतिहासिक संथाल परगना बंद के लिए जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता का आक्रोश दिनोदिन राज्य सरकार के खिलाफ बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट राज्य की नकारात्मक छवि उजागर हुई है।

### राज्य सरकार वादा निभाए या कुर्सी छोड़े

श्री प्रकाश ने कहा कि 11 अप्रैल को प्रदेश भाजपा के बैनर तले राज्य के 32 हजार गांवों से रांची की धरती पर जनसैलाब उतरेगा। जनता इस सरकार को घेर कर उनके वादे को याद कराएगी। सरकार या तो अपना वादा निभाए या फिर कुर्सी छोड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल लूट,घोटाले,भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लगी है। राज्य में वित्तीय अराजकता की स्थिति भयावह है। यह देश का पहला राज्य है जहां मार्च लूट के तहत एक दिन में 5000 करोड़ रूपए की निकासी होती है। सरकार की लोक लुभावन योजनाओं का बुरा हाल है। साथ ही बजट के 11 हजार करोड़ रुपया सरेंडर हो गए।

### 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस

बैठक में पार्टी की सांगठनिक गतिविधियां की भी चर्चा हुई जिसमें बूथ सशक्तिकरण अभियान, राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस घर घर झंडा लगाकर मनाया जायेगा। साथ ही 6 अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर 9 .30 बजे प्रातः प्रधानमंत्री जी का संबोधन सुनेंगे। वहीं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अलावा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की जयंती सहित सामाजिक समरसता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**कैंप लगाकर की जाएगी मरीजों की स्क्रीनिंग**

# हार्ट ट्रीटमेंट व्यवस्था के लिए मिले 97 लाख रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हार्ट ट्रीटमेंट योजना के तहत 97 लाख 60 हजार रुपए दिए गए है। इस राशि का उपयोग हार्ट के मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए किया जाएगा। वहीं स्क्रीनिंग के बाद इलाज में भी सरकार मदद करेगी। कैंप लगाकर लोगों को हार्ट अटैक आने की स्थिति में क्या करें इसकी जानकारी दी जाएगी, ताकि हार्ट अटैक से होने वाली मौत में कमी आये। बताते चलें कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार हार्ट डिजीज के कारण होने वाली 5 मौत में से 4 केवल हार्ट अटैक और स्ट्रोक से होती है।

**हर साल एक हजार मरीजों का फ्री इलाज :** इसे लेकर झारखंड सरकार और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के बीच एमओयू हुआ है। इसके प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साई हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों के यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपये खर्च करेगी। इस एमओयू से श्री सत्य साई हॉस्पिटल राजकोट और अहमदाबाद में झारखंड के युवा तथा वयस्कों का मुफ्त हार्ट का इलाज होगा। पैसे के अभाव में जो लोग इलाज नहीं करा पाते हैं। तीन माह से 18 वर्ष के बीच के बच्चों और राजकोट में 18 से 65 वर्ष तक के लोगों की हृदय संबंधी बीमारियों का मुफ्त इलाज होगा।

# साइबर अपराधी को आजीवन कारावास की सजा मिली

**देवघर।** झारखंड के देवघर सिविल कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने दो साइबर अपराधियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने साइबर अपराधी कृष्णा यादव और विराट कुमार उर्फ लालू मंडल को आजीवन कारावास और 20 लाख रूपए का जुर्माना की सजा सुनाई तो वहीं राजू मंडल, मुकेश मंडल, दिनेश कुमार को दस वर्ष की कारावास और पांच लाख के जुर्माने की सजा सुनाई। साइबर अपराधी चेतलाल मंडल और अजीत मंडल को सात साल कारावास और एक लाख का जुर्माने की सजा सुनाई। साइबर अपराधी को इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद टुडू के बयान पर मई 2020 में आठ साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# घरेलू बिजली उपभोक्ता उठा सकते हैं एकमुश्त जमा योजना का लाभ

**31 दिसंबर 2022 तक के बकाए बिजली बिल पर लागू होगी योजना**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऊर्जा विभाग ने एक मुश्त जमा योजना लागू की है। यह योजना अगले तीन महीने तक चलेगा। इसके तहत जिन ग्रामीण और शहरी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बिजली का लोड 5 केवी तक है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सिंचाई कार्य से जुड़े निजी बिजली उपभोक्ताओं को भी इसका फायदा मिलेगा। यह योजना 31 दिसंबर 2022 तक के बकाए बिजली बिल पर लागू होगा। बकाए बिजली बिल की राशि से ब्याज माफी के बाद बची राशि को 5 किश्तों में जमा करने की बाध्यता होगी। उपभोक्ताओं को मूल राशि जमा करने के लिए विभाग के साथ समझौता करना होगा। अगर उपभोक्ता समझौते के मुताबिक, किश्तों की राशि जमा नहीं करते हैं तो उन्हें इस योजना के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं की बिजली बकाए राशि के कारण काटी गई है वे भी इसका लाभ उठा सकते हैं। योजना किसी भी एफआईआर बिल या पैनाल्टी बिल पर लागू नहीं होगा। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में आवेदन लेकर इसका फायदा उठा सकते हैं।

# डोरंडा कोषागार से ₹12.30 अरब, सचिवालय धुर्वा से ₹14.55 अरब व रांची से तीन अरब की हुई निकासी





**प्रभात सिंह**

**रांची।** जिला कोषागार पदाधिकारी रांची, समाहरणालय भवन कचहरी से 31 मार्च को रात तक (रात्रि 12:00 बजे तक) तीन अरब, 20 करोड़, 90 लाख, 63 हजार, पांच सौ 14 रुपये की निकासी हुई। वहीं इस कोषागार से छह अरब, 39 करोड़, सात हजार, 807 रुपये ट्रांसफर किये गये।

कोषागार कार्यालय, सचिवालय कोषागार डोरंडा से 31 मार्च को 12 अरब, 30 करोड़, 13 लाख, 53 हजार, 519 रुपये की निकासी की गयी। वहीं छह अरब, 63 करोड़, पांच लाख, 79 हजार 212 रुपये बूक ट्रांसफर किये गये। इस पूरे वितीय वर्ष 2022-23 में एक खरब, 92 अरब, 32 करोड़, 36 लाख, 60 हजार और 42 रुपये की निकासी और 79 अरब, 66 करोड़, 31 लाख, 93 हजार और 369 रुपये की बुक ट्रांसफर हुई है। जबकि कोषागार कार्यालय सचिवालय कोषागार डोरंडा से वित्तीय वर्ष के सिर्फ मार्च महीने में 43 अरब, 13 करोड़, 87 लाख, 12 हजार और 192 हजार रुपये की निकासी और 19 अरब, 77 करोड़, 49 लाख, 72 हजार, 996 रुपये की बुक ट्रांसफर किया गया।

इसी तरह सचिवालय कोषागार प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा रांची से 31 मार्च को 14 अरब, 55 करोड़, 24 लाख, 99 हजार, 939 रुपये की निकासी और चार अरब, 34 करोड़, तीन लाख, 69 हजार और 634 रुपये की बुक ट्रांसफर हुई है।

# गढ़वा के तत्कालीन बीडीओ प्रदीप महतो की दो वेतन वृद्धि पर रोक

**अधिकारी पर ग्रामीण विकास की योजनाओं में है लापरवाही का आरोप**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा प्रदीप कुमार महतो की अंचायात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि रोकने का दंड लगाया है। प्रदीप महतो वर्तमान में जामताड़ा के नारायणपुर अंचल के अंचल अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनके उपर 2017 में ग्रामीण विकास विभाग ने प्रपत्र (क) गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा कार्मिक विभाग को किया था। उनके अपर सरकार के उच्चाधिकारियों के आदेश का उल्लंघन, विकास योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने, मनरेगा अंतर्गत प्रखंड में न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 100 मानव दिवस प्रति पंचायत सृजन के लक्ष्य के विरूद्ध शून्य मानव दिवस सृजन, शत-प्रतिशत मजदूरों को डीबीटी माध्यम से मजदूरी के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 69 प्रतिशत मजदूरों को ही डीबीटी के माध्यम से मजदूरी देना, 1832 डोभा निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 555 डोभा निर्माण कराने, 34 प्रतिशत ही जॉब कार्ड का सत्यापन कराने सहित कई गंभीर आरोप लगे। पूरे मामले पर विभागीय कार्यवाही चलायी गयी। उनसे दो बार स्पष्टीकरण लिया गया। जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद कार्रवाई करते हुए दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

# डरो मत के नारे के साथ सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेसी, राहुल गांधी की आवाज को अंजाम तक पहुंचाने की खायी कसम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने, सरकारी आवास को खाली कराने, अडाणी को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की जेपीसी जांच की मांग को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक विंग के संयुक्त तत्वाधान में बापू वाटिका मोरहाबादी में सत्याग्रह किया गया। इस सत्याग्रह में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित सभी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष क्रमशः अविलाष साहू, केदार पासवान, जेसाई मार्डी एवं प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी एवं नेता उपस्थित थे। सभी ने इस दौरान डरो मत के नारे लगाते हुए महात्मा गांधी के प्रतिमा माल्यापर्ण किया। कांग्रेस के धरना को टाना भगतों ने भी साथ दिया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए सत्याग्रह कर रहे हैं और लंबी लड़ाई करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ तैयार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो आवाज उठाई है। अडानी के खिलाफ उस को अंजाम तक पहुंचाने का काम करेंगे। राहुल गांधी पर जिस तरह से करवाई हुई है, उससे हम कह सकते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है और उस लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जों संविधान दिया है उसे कुचलने नहीं देंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा तानाशाही के साथ शासन चला रही है। जो चाहती है कर रही है। देश के लोकतंत्र से खिलवाड़ किया जा रहा है। आनन-फानन में राहुल गांधी की सदस्यता को खत्म करवा दिया गया। लोकतंत्र के लिए काला दिन था। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि लोकतंत्र को बचाया जाए।

**लोकसभा से पास करा लिया गया फाइनेंशियल प्रस्ताव :** मांडर से कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की हम कोशिश कर रहे हैं। आज एक ही व्यक्ति विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया सब बन गया है। इससे ज्यादा काला दिन देश के लिए क्या होगा, एक ओर देश की आवाज बन चुके राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। वहीं 24 मार्च, राहुल गांधी की जिस दिन सदस्यता गयी, उसी दिन चुपके से संसद से फाइनेंसियल प्रस्ताव पास करा लिया गया। इसका असर आने वाले दिनों में आम आदमी की जेब पर पड़ना तय है।

**कांग्रेस के सत्याग्रह के बदौलत पुनः लोकतंत्र होगा बहाल :** ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष सहू ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्याग्रह बदौलत कांग्रेस ने देश को आजाद कराया था। उसी तरह सत्याग्रह की बदौलत राहुल गांधी की सदस्यता भी बहाल होगी और देश में पुनः लोकतंत्र स्थापित होगा।

**लोकतंत्र की हत्या करना भाजपा बंद करें :** एससी विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा कि अभी संविधान जिंदा है। लोकतंत्र की हत्या करना भाजपा बंद करे राहुल गांधी देश के जननेता हैं। यह कैसे हो सकता था कि अडानी देश के पैसे को लूट ले और राहुल गांधी खामोश रहें। अडानी के घोटालों को उजागर उन्होंने किया है जिसकी वजह से पूरी भाजपा डर गई। राहुल गांधी से भाजपा पहले से ही डरी हुई थी। भाजपा ने ओछी राजनीति करके दिखा दिया है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार


02.04.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ


नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 257



12 ड्रेसिंग सेंस को ले उर्फी ने माफी मांगी

02 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:06 बजे
03 अप्रैल का सेहरी भोर 4:16 बजे




## न्यूज डायरी

### जेल से बाहर आये गुरु ढोल-नगाड़ों से स्वागत

**नयी दिल्ली।** रोडरेज मामले में पटियाला जेल में बंद नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को रिहा हो गये। कई कांग्रेसी नेता उनका स्वागत करने पहुंचे थे। सिद्धू के जेल से बाहर आने पर समर्थकों द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर रिहाई का जश्न मनाया। पिछले 34 साल से हाई-प्रोफाइल चले आ रहे रोडरेज केस में 10 महीने 11 दिन की सजा काटने के बाद सिद्धू 2 माह पहले ही रिहा हो गये। पंजाब प्रिजन रूल्स के अनुसार अगर किसी कैदी का बर्ताव अच्छा होता है तो उसे समय से पहले रिहा किया जा सकता है।

### 33 हजार वोल्ट का तार गिरा, कई घर के सामान जले

**रामगढ़।** मौसम में हुए बदलाव के कारण तेज हवा और बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया है। तूफान में रामगढ़ शहर के नईसराय इलाके में डीवीसी का 33 हजार वोल्टेज का तार भी टूट कर लोगों के घरों पर गिर गया। इस हादसे में कई लोग बाल-बाल बचे जबकि दर्जनों घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गए। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। इससे पहले भी इस इलाके में बिजली के तार गिरने से कई लोगों की जान जा चुकी है।

### अमित शाह का सासाराम दौरा कैंसिल

**पटना।** सासाराम हिंसा के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे में बदलाव किया गया है। अब अमित शाह का कार्यक्रम सासाराम में नहीं होगा। 2 अप्रैल को अमित शाह का नवादा और रोहतास जिले के सासाराम में कार्यक्रम था, लेकिन शुक्रवार को सासाराम में रामनवमी के बाद हुई हिंसा के चलते धारा 144 लागू होने के बाद उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। श्री शाह नवादा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### राहुल की मुश्किलें बढ़ीं अब संघ ने ठोका केस

**नयी दिल्ली।** आरएसएस कार्यकर्ता कमल भदौरिया के वकील ने बताया, उनके मुवक्किल ने आरएसएस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया है। मोदी सरनेम मामले में दो साल की सजा और संसद की सदस्यता चली जाने के बाद भी राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने '21 वीं सदी के कौरव' वाले बयान पर हरिद्वार की एक अदालत में उनके खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज की है।

### धनबाद रेल मंडल राजस्व और माल ढुलाई में आगे

**धनबाद।** सर्वाधिक कमाई वाले रेल मंडलों में धनबाद मंडल का नाम सबसे ऊपर आ गया है। वहीं माल ढुलाई में भी धनबाद मंडल पहले स्थान पर पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में धनबाद मंडल ने यह रिकॉर्ड कायम किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 23006 करोड़ की आय अर्जित की गई है, जो एक वित्तीय वर्ष में भारतीय रेल के किसी मंडल द्वारा अब तक का सर्वाधिक रेल राजस्व है।




| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड में तेज बारिश, तूफान, ओलावृष्टि से भारी क्षति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खेतों में लगी तमाम फसलें बर्बाद**

**किसान मायूस**

**रांची।** शनिवार को झारखंड के अधिकांश जिलों में गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। कहीं-कहीं वज्रपात होने की भी खबर है। दो दिनों में बारिश, तेज हवा और ओलापात ने सब्जियों की फसल को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। लोहरदगा, गुमला, चतरा, रामगढ़, पलामू समेत कई जिलों में सब्जियां और तरबूज, खरबूज लगभग तैयार हो चुके थे और बिक्री के लिए बाजार में भेजने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच प्रकृति का कहर फसल पर टूट पड़ा। ओलावृष्टि से खेतों में लगी खरबूज, तरबूज, करेला, लौकी धनिया पत्ती, पालक साग, खीरा, कद्दू, टमाटर, फूलगोभी, बंदागोभी, मटर, मिर्च, शिमला मिर्च तथा अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सब कुछ बर्बाद हो गया। इससे राज्य के किसानों को लाखों की क्षति हो गयी। किसानों तथा ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। अधिकारियों ने सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जायेगा। पिछले 24 घंटे में रांची में 8 मिमी और डालटेनगंज में दो मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अभी 6 अप्रैल तक गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। 7 अप्रैल को आंशिक बादल छाये रह सकते हैं और मौसम शुष्क रहेगा।

राजधानी रांची में शनिवार को सुबह से तेज धूप थी। दोपहर में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। इसके साथ ही राज्य के बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू एवं रामगढ़ जिले के कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की गरज के साथ बारिश हुई। हवाएं भी चली। बारिश से तापमान में गिरावट आयी है। ठंड का एहसास होने लगा है। दो, तीन और चार अप्रैल को आसमान मुख्यतः साफ एवं मौसम शुष्क रहेगा। पांच अप्रैल को राज्य के दक्षिणी एवं मध्य भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। 6 अप्रैल को कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश की संभावना है।

## झारखंड-बिहार समेत पूरे देश में पड़ेगी प्रचंड गर्मी, चलेगी लू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारी बारिश के बाद अब बिहार-झारखंड समेत भारत के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-जून के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। आइएमडी ने शनिवार को कहा कि उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों एवं प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उसने कहा कि इस दौरान मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान है.



**यहां प्रचंड गर्मी की आशंका**

आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में प्रचंड गर्मी (हीटवेव) पड़ने की आशंका है।

### अप्रैल में सामान्य बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तरपश्चिमी भारत तथा प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि भारत में अप्रैल में सामान्य बारिश होने की संभावना है। उसने कहा कि उत्तरपश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है।

**1901 के बाद फरवरी सबसे ज्यादा गर्म रही :** हीटवेव की घोषणा तब की जाती है, जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय इलाकों में 37 और पर्वतीय क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। (शेष पेज 11 पर)

# मेरी कब्र खोदने में देश ही नहीं विदेश के भी लोग शामिल : मोदी

## अपनी अक्षमता छुपाने को कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ सुपारी दी है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की तथाकथित तुष्टिकरण नीति पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष की ऐसी नीतियों से जनकल्याण और रेलवे जैसी बुनियादी सुविधाओं के काम पीछे रह गये। मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना जमकर निशाना साधा। कहा कि एक शख्स की छवि सुधारने के लिए मेरे खिलाफ कैंपेन छेड़ रखा है। ये लोग मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, क्योंकि इनसे देश में जो विकास कार्य हो रहे हैं, वो बर्दाश्त नहीं हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए मेरे खिलाफ तरह-तरह के प्रपंच रचा जा रहा है और प्रोपेगंडा फैलाया जा रहा है। आज हमारे देश में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने संकल्प लिया है कि मोदी की छवि को न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी धूमिल करना है। वो मेरी कब्र खोदना चाहते हैं। इसके लिए सारे हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। इन लोगों ने मोदी के खिलाफ सुपारी दी है, जिसमें न सिर्फ भारत बल्कि विदेशी भी शामिल हो गये हैं। पीएम मोदी ने कहा कि विदेश में बैठकर लोग मेरी इमेज को तार-तार करने पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। श्री मोदी भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को नयी दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखा कर रवानगी करने के बाद वहां एक जन सभा को संबोधित कर रहे थे। (शेष पेज 11 पर)



### देश की जनता मेरा सुरक्षा कवच

पीएम मोदी ने कहा कि मगर इस देश का आम नागरिक मेरा सुरक्षा कवच बना है, जिसमें दलित और सभी धर्म के लोग शामिल हैं। मेरे विरोधी बौखलाहट में हैं और लगातार मेरे खिलाफ एजेंडा छेड़ रखा है। उनका मकसद मेरी कब्र खोदना है और मेरा मकसद राष्ट्र निर्माण करना है। मेरे मकसद से मुझे ये लोग भटका नहीं सकते हैं। मैं देश को विकसित बनाने के अपने प्रण पर बना हुआ हूं और इस दिशा में लगातार दिन-रात काम कर रहा हूं। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों के पास कोई काम नहीं है।

## देश भर में फिर डराने लगा कोरोना, झारखंड में स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

# राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में कोरोना से बचाव को ले मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश भर में एक बार फिर कोरोना डरा रहा है। 24 घंटे में तीन हजार के करीब नये केस सामने आ गये हैं। केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित देश के कई हिस्सों में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी के बाद झारखंड भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। झारखंड में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर है। केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन से पहले ही झारखंड के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया। अस्पतालों में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, आइसीयू बेड, मैन पावर समेत जरूरी दवाओं के स्टॉक का जायजा लिया गया। रिम्स समेत राज्य के तमाम सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

### केंद्र ने दिया था सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल का निर्देश

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए 27 मार्च को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की थी। एनएचएम के अभियान निदेशक भुवनेश प्रताप ने निर्देश दिया था कि स्थिति से निपटने के लिए 10 और 11 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर मॉक ड्रिल किया जाये। वहीं 1 अप्रैल को झारखंड के सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगा। निर्देश के आलोक में सदर अस्पताल में आज मॉक ड्रिल किया गया।



### सदर अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था

सदर अस्पताल में हवा से ऑक्सीजन तैयार करने वाली दो पीएसए यूनिट (800 लीटर प्रति मिनट क्षमता) के अलावा 1 पीएसए प्लांट (100 लीटर प्रति मिनट क्षमता) और 20 हजार लीटर की क्षमता वाला लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) लगाया जा चुका है। नोडल अधिकारी मॉक ड्रिल डॉ शशिभूषण खलखो ने कहा कि केरल, महाराष्ट्रा और गुजरात में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। वहीं एमडी एनएचएम से मिले निर्देश के आलोक में सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल लाने, स्क्रीनिंग और वार्ड में भर्ती कर इलाज की व्यवस्था का मॉक ड्रिल किया गया है।

### देवघर में चार नये मरीज मिले, अलर्ट

देवघर में शनिवार को कोरोना के चार नए मरीज मिले हैं। नये मरीज को उनके परिजन से संपर्क कर महामारी पदाधिकारी में सतर्कता के साथ रहने का निर्देश दिया है। दो करनीबाग इलाके का वहीं तीसरा मरीज जसीडीह थाना क्षेत्र तथा चौथा मरीज सारवां थाना क्षेत्र का है। डीसी ने जिलावासियों को बचाव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।

**सुरक्षा ही बचाव :** डीएस डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि सुरक्षा ही लोगों का बचाव है। लोग सुरक्षित रहे जरूरी कार्य से ही घर से बाहर निकलें। गर्म भोजन का सेवन करें। सर्दी बुखार खांसी आने पर सीधा डॉक्टर से सलाह लें। घर से निकलने के पूर्व मास्क लगाकर निकले। इत्यादि कई प्रकार का सुझाव दिया है। साथ ही साथ भीड़-भाड़ इलाके से लोगों को बचने कहा है। यह खुलासा शनिवार को सदर अस्पताल देवघर स्थित कोरोना जांच सेंटर से हुआ। जिला महामारी पदाधिकारी ने टेक्नीशियन को निर्देश देकर कोरोना जांच करवाया। (शेष पेज 11 पर)

# 100 करोड़ एमडीएम घोटाला : इडी संजय तिवारी की गिरफ्तारी में जुटी, वारंट जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मिड डे मील में करोड़ों रुपये की राशि के घोटाले के आरोपी संजय तिवारी की गिरफ्तारी वारंट ईडी ने कोर्ट से हासिल कर लिया है। ईडी की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी हुई है। इडी की विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को उसके खिलाफ वारंट जारी किया था, जिसके बाद अब ईडी ने कोर्ट से वारंट ले लिया है। वारंट मिलने के बाद अब एजेंसी संजय तिवारी की गिरफ्तार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने संजय तिवारी को प्रोविजनल बेल दी थी, जिसकी अवधि खत्म हो गयी है। जमानत की अवधि खत्म होने के बाद भी संजय तिवारी ने कोर्ट के समक्ष सरेंडर नहीं किया है।

### 34 खातों में भेजे गये थे 100 करोड़

गौरतलब है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या इसीआइआर 3/2021 दर्ज कर केस को अपने अधीन ले लिया। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

### क्या है मामला

संजय तिवारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोर्ट में 25 मार्च को ही सरेंडर करना था, लेकिन संजय तिवारी ने उस सरेंडर से बचने के लिए कोविड होने की गलत जानकारी रांची के पीएमएलए कोर्ट को दी। पीएमएलए कोर्ट को दिये गये रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच ईडी के रांची जोनल आफिस के द्वारा की गयी। मामले की जांच में रिम्स अधीक्षक ने पाया कि रिम्स के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत कर संजय तिवारी ने अपने आप का कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट तैयार करवा लिया था। मामला सामने आने के बाद ईडी ने एक बार फिर से कोर्ट से संजय तिवारी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट हासिल किया है। अब ईडी किसी भी समय संजय तिवारी को गिरफ्तार कर सकती है।

### संथाल बंद का दुमका समेत कई जिलों में असर

**दुमका।** नयी नियोजन नीति को लेकर छात्र समन्वय समिति द्वारा आहूत संथाल परगना बंद का दुमका में व्यापक असर रहा। वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। वहीं, व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी बंद हैं, सुबह से प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और दोपहर होने के बाद भी वे डटे रहे। इस दौरान वे बाइक से घूम घूमकर बंद को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील करते रहे। बंद से वैसे लोग जो कहीं बाहर जाने वाले थे, या फिर बाहर से दुमका पहुंचे थे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़। सड़कों पर ना तो बस चल रही है और ना ही ऑटो, ऐसे में वाहन नहीं मिलने से वे सड़कों पर पैदल चलते नजर आये।

## देवर ने की भाभी और दो भतीजों की हत्या, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ट्रिपल मर्डर से दहला गुमला**

**गुमला।** जिले के बसिया थाना इलाके के लुंगटु पंडरा टोली गांव निवासी एनोस कंडुलना ने अपनी भाभी पूनम कंडुलना और उसके दो बेटों 11 साल के पवन कंडुलना और 9 साल के अर्पित कंडुलना की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने तीनों शवों को घर से महज 100 मीटर दूर गोबर के गड्ढे में छिपा दिया। पुलिस ने इस तिहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों शवों को शनिवार को गड्ढे से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। पुलिस आगे की छानबीन में जुटी है। पुलि के अनुसार मृतका की शिनाख्त पूनम कंडुलना (37), उसके दो बेटों पवन कंडुलना (11) एवं अर्पित कंडुलना (9) के रूप में की गयी। तीनों की हत्या पीट-पटक की गयी थी। थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बताया कि पूनम के पति की मृत्यु 2017 में हो चुकी है। उन्होंने एलआईसी के पैसे के बंटवारे को लेकर हत्या की संभावना जताई है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार पूनम अपने दोनों बेटों के साथ रहती थी। उनके साथ उसका देवर विश्राम कंडुलना बगल में ही स्थित घर में अलग रहता है। पूनम और उसके परिवार की देखभाल उसका देवर विश्राम कंडुलना ही करता था। इनके घर के पास ही छोटा देवर एनोस कंडुलना अपनी 70 वर्षीय मां बहामनी कंडुलना के साथ रहता है। बुधवार को विश्राम कंडुलना और उसकी भाभी पूनम कंडुलना साप्ताहिक बाजार से मुर्गा लेकर घर आये। विश्राम कंडुलना और उसकी मां बहामुनी कंडुलना गांव के ही एक व्यक्ति के घर आयोजित एक प्रार्थना सभा में चले गये। इसी बीच एनोस गांव में ही कहीं से शराब पीकर घर गया और भाभी पूनम से किसी बात को लेकर नोक झोंक होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि एनोस ने पहले भाभी पूनम को पटक कर मार दिया। जिसे देखकर उसके दोनों बेटे उसकी मां को छुड़ाने आये तो दोनों एनोस ने दोनों भतीजे की भी पटककर हत्या कर दी।

# पांच वर्षों में पहली बार सीसीएल ने किया रिकॉर्ड उत्पादन

## कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओबी रिमूवल में भी रिकार्ड बनाया : पीएम प्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए आजतक का सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला का उत्पादन कर इतिहास रचा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस प्रदर्शन में में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना 18 एमटी, मगध परियोजना 15.6 एमटी सहित सभी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं सीसीएल ने कोयला प्रेषण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 75.03 एमटी कोयला प्रेषण किया है। यह पिछले रिकॉर्ड से 4.5 प्रतिशत अधिक है। साथ ही ओबी रिमुवल में भी 107 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डेन की निकासी कर कीर्तिमान बनाया है।

शनिवार को मीडिया से बात करते हुए सीएमडी सीसीएल, पीएम प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन, कोयला सचिव अमृत लाल मीणा तथा अध्यक्ष सीआईएल प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल ने अपने उत्पादन लक्ष्य, 76 मिलियन टन (एमटी) को पार करते हुए 76.09 एमटी हासिल किया है। (शेष पेज 11 पर)



### 65.25 करोड़ से आरयू में सीसीएल बनायेगी सेंट्रल लाईब्रेरी

सीएमडी के मुताबिक सीएसआर पर 26 करोड़ व्यय इस वित्तीय वर्ष (2022-23) में किये गये। 2022 में की गयी घोषणा के मुताबिक सीसीएल को खेलों को प्रोत्साहन देने को नेशनल सीएसआर अवार्ड 2020 मिला। रांची यूनिवर्सिटी कैंपस में 65.25 करोड़ की लागत से 5000 सीटों वाली एक लाइब्रेरी आने वाले समय में सीएसआर के जरिये तैयार की जायेगी। अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ मिलकर 22 करोड़ की लागत से मिड डे मील की सुविधा के लिए एक सेंट्रलाइज्ड किचन तैयार किया जायेगा। इससे रामगढ़ जिले के सरकारी स्कूलों के 50 हजार बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। सीएमडी ने बताया कि जमीन अधिग्रहण और विस्थापन के 161 केस सामने आये। इनमें आरएंड आर पॉलिसी के तहत 45.16 करोड़ खर्च हुए। 11 जनवरी 2022 को हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम मॉड्यूल कंपनी के चारों सेंट्रल अस्पतालों में शुरू किये गये है। इसके अलावे 11 डिजिटल डिस्पेंसरी शुरू किए जा चुके हैं।

# राज्य के छह नक्सल प्रभावित जिलों को मिले 51.73 करोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विशेष केंद्रीय सहायता योजना**

**रांची।** राज्य के छह नक्सल प्रभावित जिलों गिरिडीह, गुमला, खूंटी, सरायकेला, चतरा और चाईबासा को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 51.73 करोड़ रुपये मिले हैं। यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है। गिरिडीह को 10.25 करोड़, गुमला को 10.25 करोड़, खूंटी को 9.89 करोड़, सरायकेला को 10.25 करोड़, चाईबासा को 10.25 करोड़ और चतरा 84 लाख रुपये मिले हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक आधारभूत संरचना और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भरा जायेगा। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता देने की योजना बनायी थी, जिसमें छह जिले झारखंड के हैं।

झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं जबकि 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं। (शेष पेज 11 पर)

**समय संवाद**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पटना एवं रांची स्थित पूर्वी अनुसंधान परिसर के शोधकताओं ने झारखंड के स्थानीय आदिवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली पत्तेदार सब्जियों की 20 ऐसी प्रजातियों की पहचान की है, जो पौष्टिक गुणों से युक्त होने के साथ–साथ भोजन में विविधता को बढ़ावा दे सकती हैं। शोधकताओं का कहना है कि पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सब्जियों की ये स्थानीय प्रजातियां मददगार हो सकती हैं।हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकतर सब्जियों के बारे में देश के अन्य हिस्सों के लोगों को जानकारी तक नहीं है।

# महावीर हैं आत्मक्रांति के वीर महान संत



**दीप्ति सिंह**



महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-करोड़ों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है। महावीर बनने का अर्थ है स्वस्थ जीवन जीना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना। प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयंती मनाते हैं, लेकिन इस वर्ष उस महान आत्मक्रांति के वीर महापुरुष की जयंती को सिर्फ आयोजनात्मक नहीं बल्कि प्रयोजनात्मक स्वरूप देना है। इसके लिए हर व्यक्ति अपने भीतर झांकने की साधना करे। महावीर को केवल पूजें ही नहीं, बल्कि जीवन में धारण कर लें। जरूरी है कि महावीर ने जो उपदेश दिए उन्हें हम जीवन और आचरण में उतारें।

महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसकी जीवनशैली संयम एवं अनुशासनबद्ध हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता, संयम एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणीमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

सदियों पहले भगवान महावीर जन्मे, लेकिन उनका जीवन एवं उपदेश आज के संकटपूर्ण एवं अनेक व्याधियों-बीमारियों के दौर में अधिक कारगर एवं प्रासंगिक है। महावीर स्वास्थ्य-उत्क्रांति की एक लहर हैं, स्वस्थ जीवन-ज्योति की एक निर्धूम शिखा हैं। साहस एवं संयम का अनाम दरिया हैं। उनके संवादों में शाश्वत की आहट थी। उनकी जीवनशैली इतनी प्रभावी थी कि उसे एक बार जीने वाला बंध जाता। उनकी दृष्टि में ऐसी कशिश थी कि उन्हें एक बार देखने वाला भूल ही नहीं पाता। उनके स्वस्थ जीवन के आह्वान में ऐसा आमंत्रण था कि उसे अनसुना नहीं किया जा सकता। उनका मार्गदर्शन पाने वाला कभी भटक ही नहीं पाता। उन्होंने रास्ते रोशन ही नहीं किए, बल्कि भीतर की रोशनी पैदा कर दी।

महावीर की प्रेरणाः विकास ऊध्वारोहण की प्रक्रिया है। बीज उगता है तब बरगद बन विश्राम लेता है। दीये की बाती जलती है तब सबको उजाले बांटती है। समन्दर का पानी भाप बन ऊंचा उठता है तब बादल बन जमीं को तृप्त करने बरसता है। श्री देवेन्द्र राज मेहता का ऊध्वारोहण भी विकास की ऐसी ही प्रक्रिया से गुजरता है। उनका सम्पूर्ण जीवन विकलांगों के नाम समर्पित है, जयपुर फुट एवं मेहता एक दूसरे के पर्याय हैं। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में वे विकलांगों के जीवन में रोशनी बनकर प्रस्तुत हुए हैं। इस समिति की हर गतिविधि, योजना एवं कार्यक्रम मानवीय संवेदनाओं की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों एवं प्रयोगों से गुजरकर विशिष्टता का वरन करती है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होती है श्री मेहता ने प्रबल जिजीविषा एवं मानवीयता से सराबोर होकर अच्छाई का जो मुकाम हासिल किया है, वह एक विलक्षण उदाहरण है। उनकी विरलता एवं विलक्षणता के और भी आयाम है, उन्होंने राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव, अहिंसा-शांति और भाईचारा बढ़ाने की दिशा में काफी काम किया है। उनके इसी समर्पण भाव, सामाजिकता एवं परोपकार को देखते हुए ही उन्हें हाल ही में राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार दिया गया। यूं तो मेहता के कार्यों को देखते हुए वर्ष 2008 में उन्हें पद्मभूषण से भी सम-?मानित किया गया था। महावीर विकलांग समिति द्वारा उपलब्ध कराया गया कृत्रिम अंग जयपुर फुट के नाम से प्रसिद्ध है। जयपुर फुट पहनकर विकलांग व्यक्ति पूरी तरह से सामान्य जीवन व्यतीत करता है- वह साइकिल चलाने के साथ वृक्षों पर भी काफी आराम से चढ़ सकता है।

पहाड़ों की चढ़ाई हो या उबड़-खाबड़ रास्ते- विकलांगों को एक आम-आदमी की तरह जीने का अहसास कराने वाले श्री मेहता की सेवाएं उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय हैं। मेहता विकलांगों में आत्मविश्वास का संचार कर उन्हें जिंदगी के पथ पर चलने को प्रेरित करते हैं।

महावीर विकलांग समिति द्वारा विकलांगों को कृत्रिम अंग निःशुल्क दिये जाते हैं। करीब 12 लाख से भी ज्यादा देश-विदेश के लोग अब तक इससे लाभानवित हुए हैं। महावीर विकलांग समिति द्वारा जहां अपेक्षित हो मरीजों को तुरंत सेवा उपलब्ध कराई जाती है। जयपुर में महावीर विकलांग समिति के अस्पताल में किसी भी समय मरीज भर्ती हो सकते हैं।

# गर्मी में रोगों से बचाव



गर्मी में दिल को त्वचा तक रक्त पहुंचाने के लिए काफी जोर लगाना पड़ता है। ऐसे में तापमान के 42 डिग्री पर पहुंचने पर यह जरूरी हो जाता है कि हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, फ्लू, चिकन पॉक्स और डायरिया से बचने के लिए सावधानी बरती जाए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के मानद महासचिव डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा, गर्मियों में उम्रदराज लोगों, बच्चों और दिल के रोगियों, डायबिटीज और हाइपरटेंशन के मरीजों को समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए बचाव जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्यास न भी लगे, तब भी पानी पीते रहना चाहिए। दिल के रोगियों को तीव्र गर्मी में घर के अंदर ही रहना चाहिए, क्योंकि गर्मी में दिल को त्वचा तक रक्त पहुंचाने के लिए काफी जोर लगाना पड़ता है। ज्यादा मेहनत जानलेवा हो सकती है। जंक फूड और सड़क किनारे से कुछ खरीदकर न खाएं, क्योंकि गर्मी में खाना जल्दी खराब होता है।

हीट स्ट्रोक गर्मी में ज्यादा देर काम करने से शरीर के ओवरहीट होने से होता है। ऐसे व्यक्ति का इमरजेंसी इलाज करना चाहिए, नहीं तो उसके कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं। लगातार तरल पदार्थ लेने, गर्मी से बचने, हवादार कपड़े पहनने से काफी राहत मिलती है।

शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन होता है। ज्यादा व्यायाम, गंभीर डायरिया, उल्टी, बुखार या ज्यादा पसीना इसके आम कारण हैं। व्यायाम के वक्त पानी न पीना या गर्मी में वैसे भी डीहाइड्रेशन हो सकता है। छोटे बच्चों, उम्रदराज लोगों और पुरानी बीमारी वालों को ज्यादा खतरा है। इसलिए गर्मी में पानी पीते रहना जरूरी है।

# स्टेट्स सिंबल बनी मॉडयूलर किचन



**घर** का सबसे अहम हिस्सा होता है किचन जो ज्यादा ग्लैमरस और आरामदायक बनाने की कवायद में अब अपग्रेड होकर मॉड्यूलर किचन में कन्वर्ट हो रहा है। इजी-टु-मैनेज और सॉफिस्टिकेटेड मॉड्यूलर किचन हर गृहिणी के टेस्ट व स्टेटस का सिंबल बन चुका है, क्योंकि वह चाहती है कि उसकी किचन में सभी सुविधाएं हों, जिससे उसे खाना पकाने में कोई परेशानी न हो और समय भी कम लगे।

मॉड्यूलर किचन का मतलब है मॉडर्न किचन एप्लायंसिस का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल। इन एप्लायंसिस के इस्तेमाल से काफी वक्त बच जाता है। मॉड्यूलर किचन में ओपन किचन ज्यादा चलन में है, दीवारों-दरवाजों वाला किचन गायब हो चुका है। जाहिर है, बिल्ट-इन एप्लायंसिस और स्टाइल खुले किचन में ही दिखाया जा सकता है।

बिल्ट-इन कांसेप्ट इसलिए डिमांड में है क्योंकि यह इस तरह डिजाइन की जाती है कि आपका छोटा-सा किचन बहुत बड़ा व आकर्षक लगता है। छोटी जगह में भी ज्यादा सामान आ जाने के कारण यह साफसुथरी भी दिखती है। बिल्ट-इन किचन से अभिप्राय परस्पर संबद्ध एप्लायंसिस से है जो पहले से मौजूद काउंटर टॉप व कैबिनेट आदि में फिट कर दिए जाते हैं।

बिल्ट-इन एप्लायंसिस काम करने के दौरान सुविधाजनक रहते हैं और इससे विभिन्न एप्लायंसिस में तालमेल भी बढ़िया रहता है। जैसे बिल्ट-इन रेफ्रिजरेटर को इस तरह से इंटेग्रेट किया जाता है कि वह किचन के सारे हिस्सों के साथ फिट बैठ जाए। जबकि इंटेग्रेटेड फ्रिज का अपना डोर होगा जो बाहरी फेस के साथ फिट होगा ताकि यह साथ लगते यूनिट्स से मेल खाए।

किचन के साइज और ग्राहक की जरूरत के मुताबिक मॉड्यूलर बनाए जाते हैं, जो कि लेमिनेटेड पार्टीकल बोर्ड से बने होते हैं। ये मजबूत व टिकाऊ होते हैं। इनमें दीमक व कॉकरोच की भी समस्या नहीं होती। साथ ही इसमें सफाई भी आसानी से होती है।इसमें हर बर्तन के लिए निश्चित जगह होती है, जैसे भारी बर्तन के लिए रोलिंग स्टैंड, हल्के बर्तन के लिए अगल स्टैंड। साथ ही सिंक यूनिट एवं बड़े डिब्बों के लिए बड़ी जगह वाली यूनिट एवं छोटे डिब्बों के लिए कम जगह वाली यूनिट।

## ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस ऑर्डर के बारे में जागरूकता फैलाना मेरा उदश्य



**मैं हूं** स्तुति उर्फ शुभश्री सरकार मुझे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है मैं 30 वर्ष की हूं मैं विश्व ऑफिस जागरूकता अभियान के तहत अपनी भावनाओं और विचारों को साझा करना चाहती हूं मैं इस क्षेत्र के वकील या विशेषज्ञ नहीं हूं बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में हूं जो आज इस विकार से जूझ रहा है मैं समाज से एक अपील करना चाहती हूं कि मुझे अब भी लगता है कि लोगों को इस समस्या के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है

हमें नए परिवेश में खुद को समायोजित करने में मुख्य कठिनाई होती है नई स्थिति हमें दहशत में डाल देती है हम अपने व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर पा सकते हैं हर चीज का एक कारण और प्रभाव होता है नई स्थिति का प्रभाव सीखना कूदना या नखरे करना है कभी-कभी हम अपने व्यवहार और भावनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं

बाहरी उपस्थिति के अनुसार हम सामान्य दिखते हैं हमारा विचित्र व्यवहार हमें दूसरों से अलग बनाता है लोग सोचते हैं कि हम अनियंत्रित हैं मान लीजिए कोई बहुत प्यारा बच्चा रेत से खेलता है और अचानक उसे मुंह में डालकर निकल जाता है हम ऐसा शारिक असंतुलन के कारण करते हैं इसके लिए और आप पालन-पोषण जिम्मेवार नहीं है

गति या मोशन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है हमारा दिमाग दूसरों की तरह विकसित नहीं हुआ है हमें अपने मस्तिष्क को सक्रिय बनाने के लिए उत्तेजना की आवश्यकता होती है झूला हमारे लिए एक आवश्यकता है अन्य लोग भी उपरोक्त का आनंद लेते हैं लेकिन हम इसे चिकित्सा और आनंद के लिए करते हैं झूले में हमें कोई नहीं हरा सकता कभी-कभी हम ऐसे जोर से झूला झूलते हैं कि हमें देखने वाले डर जाते हैं कि कहीं हम गिर ना जाए।

भाषा और सामाजिक संपर्क में कमी हमारी मुख्य कमी है यह दो कमियां हमारे अलगाव का मुख्य कारण है हमें बोलने की क्षमता है लेकिन वह जल्दी या किसी अन्य कारण से खो जाती है हम भी दूसरों की तरह महसूस करते हैं अगर कोई हमारे बारे में अप्रिय बोलता है तो हम दुखी हो जाते हैं।

मैंने कर्नाटक के बंगलुरु स्थित इस फास्ट दिवस सोसाइटी सोसाइटी के (एसएसके) व्हाट आटिज्म यूनिट में देखा है कि इतने सारे बच्चे चिकित्सा और प्रशिक्षण के लिए आते हैं ।आटिज्म की आबादी बहुत बढ़ गई है हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। हम भी समाज का हिस्सा है हमें समाज अपने से दूर रख कर आगे नहीं बढ़ सकता हमें आपकी मदद और एकजुटता की जरूरत है सहानुभूति की नहीं। कृपया हमारे व्यवहार की उपेक्षा करें और हमारे आंतरिक गुणों को देखें मैं अब रांची स्थानांतरित हो गई हूं।

मैं अपने विचारों को लिखकर व्यक्त करती हूं मैं फेसबुक पर भी सक्रिय हूं मैं चाहती हूं कि रांची तथा झारखंड राज्य में जो बच्चे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं उनकी सहायता कर सकूं।

## लहसुन की चाय के जबरदस्त फायदे

**मिताली जैन**

**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, सदियों से अपने औषधीय गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती रही है। अमूमन घरों में लोग इसे कई तरीके से इस्तेमाल करते हैं। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए। **कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है और हमारे अंगों को कार्यशील और स्वस्थ रखता है।

**लक्षणों को करे कम**

मधुमेह शरीर में सूजन या इंफलेमेशन पैदा कर सकता है, जिसे लहसुन कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए मधुमेह होने पर आपको लहसुन की चाय का सेवन अवश्य करना चाहिए।

**रक्त शर्करा का स्तर कम**

यह लहसुन की चाय का एक सबसे बड़ा लाभ है। लहसुन के सेवन से टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

# यूरिक एसिड पर कंट्रोल करेंगे ये फ्रूट्स

**शैव्या शुक्ला**

**शरीर** में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं।

यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीड़ित लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

इसलिए हमने यहां कुछ ऐसे फलों का उल्लेख किया है जो शरीर में यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकते हैं। तो चलिए जानते है- बेरीः बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

चेरीःशरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर से पीड़ित लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीड़ित होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते हैं और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते हैं।

सेबःअपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीड़ित हैं।

ककड़ी और गाजरः अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है।

गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं। ककड़ी उन लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जिनके रक्त में उच्च यूरिक एसिड होता है।

नींबूः नींबू के रस में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो यूरिक एसिड का एक सोल्वेंट होता है, इसलिए इसे अपने दैनिक आहार में शामिल करना पर उच्च यूरिक एसिड स्तर को रोकने में सहायक होता है। एक गिलास पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें और इसे रोज पियें।

केलाः केले को अपने आहार में जरूर शामिल करना चाहिए, क्योंकि यह अतिरिक्त यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद है। संतराः सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने आहार में विटामिन सी से भरपूर फलों को शामिल करें। अध्ययनों से पता चला है कि हर दिन 500 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर बहुत कम समय में घट सकता है। संतरे या मीठे नींबू का रस विटामिन सी में समृद्ध होता है और इस प्रकार आपको विटामिन सी की आवश्यक मात्रा प्रदान करने में बेहद मददगार हो सकता है।

# नेति करें कोरोना से बचें

**स्वामी मुक्तरथ**

**कोरोना** वायरस का संक्रमण थमने के नाम नहीं ले रहा। नियमित गरारे और जल नेती करना कोविड 19 की रोकथाम में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। मैंने सैकड़ों लोगों को जिनमें अधिकांश युवा थे नेति कराकर कोरोना के संक्रमण का असर को कम और समाप्त किया है। जापान में मास्क लगाने और हाथ धोने को इंन्फ्लूएंजा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश में शामिल किया गया, इसी तरह जल नेती और गरारे का कोरोना महामारी में भी व्यक्तिगत रुचि के मुताबिक प्रयोग किया जा सकता है।

जल नेति योग करने के लिए आप सबसे एक नेति पॉट ले, जो आपकी नाक में अच्छे से सेट हो जाएं।अब इस नेति पॉट में थोड़ा गर्म यानि गुनगुना पानी (तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस) लें और इसमें एक एक चुटकी नमक मिला लें अर्थात 1 लीटर पानी प्रति 1 चम्मच नमक मिलाएं। ध्यान रखने अधिक नमक को पानी में ना मिलाएं।जल नेति को करने के लिए आप बैठ जाएं और अपने दोनों पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें।

अपने मुँह से साँस लेना शुरू करे और अपने सिर को थोड़ा नीचे की ओर झुका लें।

आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अब आप पानी से भरे हुए नेति पॉट ले और उसे अपनी दायीं नाक में लगा कर धीरे-धीरे पानी डालें।

बायीं नाक से इस पानी को बाहर निकालते जाएं।

अब फिर से बायीं नाक में नेति पॉट लगा कर पानी डालें और दायीं नाक से अपनी को बाहर निकाले।

ध्यान रखें की पानी धीरे-धीरे और कम मात्रा में डालना हैं।

इस क्रिया आप दोनों नाक से करें आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अधिक गर्म पानी का प्रयोग करने से आपके नाक में जलन और दर्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जल नेति क्रिया का दौरान अधिक नमक का प्रयोग करने से आपकी नाक में जलन हो सकती है जिससे आपकी नाक से खून भी निकल सकता है।जल नेति तकनीक में खराब पानी या संक्रमण वाला पानी प्रयोग करने से आपकी नाक में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैं।अधिक नमक के प्रयोग से या अधिक अवधि तक जल नेति क्रिया को करने से आपकी आँखों और कानों में भी दर्द हो सकता हैं।

(लेखक योग विशेषज्ञ हैं।)

# समता-ममता के संबल से खिले बचपन

**अंकिता**



दुनिया में हरेक बच्चा किसी एक या अधिक मामलों में अन्य से अलग है लेकिन जब अभिभावकों द्वारा बच्चों के मामले में हर समय तुलना की जाये, अपने ही बच्चों में से एक को बेहतर व दूसरे को लगातार दोयम करार दिया जाये तो इससे उस बच्चे के मानसिक विकास पर असर पड़ने लगता है। व्यवहार में चिड़चिड़ापन व जिद्दीपन आ सकता है। लेकिन माता-पिता अकसर जाने-अनजाने कई बार एक के पक्ष में स्थाई राय बना लेते हैं। एक पर प्यार उमड़ता है तो दूसरे को सयानेपन का उपदेश। पेरेंट्स में तुलना करने की यह आदत पड़ोस या रिश्तेदारी में अपने बच्चे के हमउम्र बच्चों के मामले में भी रहती है। कितना बेहतर हो कि हरेक बच्चे को बच्चा ही रहने दें, किसी आकलन या तुलना से मुक्त।

**बड़े-छोटे का मामला**

भारतीय घरों में अकसर बड़ी संतान से ज्यादा जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार की उम्मीद की जाती है वहीं कई बार छोटे से हर आदेश सर-माथे लेने की। ऐसे में अपेक्षा त्याग करने की भी रहती है या फिर सुविधाएं देने में भी। लेकिन भेदभाव तब अखरता है जब ऐसी उम्मीद हमेशा ही रखी जाने जाने लगे, हर बात में किसी एक बच्चे से पक्षपात की प्रवृत्ति के तौर पर विकसित हो जाये या फिर बेटे को बेटी की तुलना में तरजीह देने की आदत हो। जिन घरों में दो या तीन बच्चे होते हैं तो वहां ऐसी दिक्कत होती है। जबकि सभी माता-पिता का तर्क होता है कि हमें तो सारे बच्चे समान ही लगते हैं, भेदभाव नहीं। निःसंदेह यह बर्ताव कनिष्ठ बच्चे को खुश करने के लिए शुरू हो लेकिन कई बार स्वभाव में आ जाता है। बड़े होने तक जारी रहता है।

**सामने वालों का होशियार बच्चा...**

पेरेंट्स बराबरी के बोझ तले भी अपने बच्चों का स्वाभाविक विकास क्रम बिगाड़ने का काम जाने-अनजाने में कर डालते हैं। यह व्यवहार पड़ोस के मामले में भी चलता है। अपना बच्चा पढ़ने में कमजोर हो तो अक्सर हमने पेरेंट्स को यह कहते सुना है कि सामने वाले घर में तुम्हारा मित्र कितना होशियार है, और एक तुम हो? यह बराबरी भले बच्चे को अच्छा बनाने के आशय से की जा रही होती है, पर उसके लिए यह सुखद बात नहीं है। यह तुलना हमेशा होती रहे तो बच्चा महसूस करने लग सकता है कि मां-बाप उसे प्यार नहीं करते। कभी ध्यान से देखिये कि आप अपने बच्चे के सामने किसी दूसरे बच्चे की खूब तारीफ करें तो उसके चेहरे के हावभाव कैसे होते हैं। आखिर बच्चा तो बच्चा ही होता है।

**स्वभाव पर असर**

बारबार बच्चों का पक्षपात किया जाए या दूसरे बच्चे से बराबरी की जाए तो ये बर्ताव बच्चों को भीतर से तोड़ देता है या फिर निष्ठुर बना देता है। फिर वह यह सोचने लगता है कि ठीक है, मेरा जो मन होगा, मैं वही करूंगा। मम्मी-पापा पर तो इसका कोई असर होगा नहीं। वे तो छोटे भाई या बहन को ही सच्चा और अच्छा मानते हैं। समय के साथ वे जिद्दी बन सकते हैं।

**असफलता भी एक पड़ाव**

असफलता भी जीवन का एक हिस्सा है। आप अपने बच्चे पर हमेशा सफल होने के लिए दबाव डालते रहेंगे, उसकी बराबरी दूसरे बच्चों से करते रहेंगे तो उसके अंदर असफलता का भय बैठ जाएगा। कभी यह भय उसे गलत कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भक्ति कार्यक्रमरों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि का होता है आगमन : अम्बा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति के तत्वधान गुरूवार की रात्रि जराद गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने किया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही रातभर सबों को झुमाए रखा। विधायक ने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का अवसर मिलता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया हेमा कुमारी, कांग्रेसी नेता योगेंद्र सिंह खरवार, प्रदीप महतो आदि मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के संरक्षक दिनेश मुंडा, बैजनाथ महतो, सुरेंद्र करमाली, सूरजनाथ महतो, सीताराम महतो, भवानी सिंह, नरेश महतो, संयोजक धनेश्वर मुंडा, अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव प्रदीप महतो, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश महतो, उपसचिव शशि मुंडा, उप कोषाध्यक्ष मनोज प्रभाकर, केदार करमाली, दिनेश सिंह, देवनारायण गंझू आदि का विशेष योगदान रहा।

### डीडीसी ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने जिले के सरकारी विद्यालयों में सहायक आचार्य की प्रतिनियुक्ति के संबंध में उपस्थित सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची प्राप्त कर सरकार द्वारा दिए दिशा निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर विभाग को ससमय भेजने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

### भक्ति आयोजनों से सुख-समृद्धि का होता है आगमन : रोशन चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम गांव में चैती दुर्गा पूजा भक्तिभाव व धूमधाम मनाया गया। चैती दुर्गा पूजा के महानवमी के दूसरे दिन शुक्रवार को दशमी को यहां भव्य श्री रामनवमी मेला का आयोजन हुआ। मेला में लेम, बीचा, सुथरपुर, हरिहरपुर, ओरियातू, सहित आसपास रांची जिला के गांवो से महाबीर ध्वजों के साथ अखाडा और झांकिया पहुंची। अखाडा समितियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। मेला में बडी संख्या महिला कार्यकर्ता व्यवस्था को संभाली हुई थी। मेला में विभिन्न गांव है सैकड़ां की संख्या मे ग्रामीणो की भीड उमडी। इस दौरान लेम जय श्रीराम जय हनुमान के भक्ति जयकारों से गूंजता रहा। इससे पूर्व मेला का उद्घाटन अतिथियों ने किया। इसके पूर्व मूला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी, प्रमुख कौशल्या देवी, मुखिया सोनमती देवी, पूर्व पार्षद सुरेश महतो, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, एएसआई नरेंद्र सिंह, मुखिया गीता देवी, विनोद राम, वारिश खान आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्रवासियों को चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली का भी आगमन होता है।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को ले ग्रामीणों में असंतोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही ।** चरही थाना क्षेत्र के बहेरा पंचायत के पार बहेरा में पेजल स्वच्छता विभाग हजारीबाग विशेष प्रमंडल के द्वारा डीएमएफटी योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया गया है।इस प्लांट का कार्य पूरा हो चुका है।

लेकिन इसका उद्धघाटन अभी तक नहीं हो सका है। इतना हैं नहीं ठेकेदार के द्वारा उक्त प्लांट को विभाग को अभी तक हस्तांतरित नहीं की है। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में काफी असंतोष है। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में निर्माण में घोर अनियमितताव्रती गई है। जनप्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत विभाग के अधीक्षण अभियंता को दिया



गया।शिकायत के बाद इसकी जांच-पड़ताल भी किया गया। अधीक्षण अभियंता को लोगों ने बताया कि घर-घर जल नल योजना के तहत जरूरत मंद ग्रामीणों को नल देकर पानी को सप्लाई किया जाना था।लेकिन अभी तक जरूरत मंद लोगों को नल का कनेक्शन का कार्य नहीं हो पाया है।यहां

**प्लांट में काफी अनियमितता और सामग्रियों में कटौती की : मुखिया**

तक कि पाइप लाइन बिछाने के क्रम में सड़कों को भी खराब कर दिया गया है।इस मामले को लेकर विभाग के अधिकारियों ने लोगों आश्वासन दिया है कि पानी की समस्या जल्द ही दूर किया जाएगा।तथा छुटे हुए लोगों के घरों में इस योजना के तहत नल लगाकर पानी सप्लाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।अभियंता का कहना है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का उदघाटन निर्माण करने के क्रम में ही किया जा चुका है।इस प्लांट में कई खामियां को बयां कर रहा है।निर्माण कार्य मे सारे नियम को ताख पर रखकर कार्य को किया गया है।जनप्रतिनिधियों के कहना है कि पानी टंकी के दीवारों से पानी रिसाव हो रहा है।जो की कभी भी देखा जा सकता है।इतना ही नहीं इस प्लांट में पानी प्रवेश के लिए लगाए गए फब्बारे नुमा सरंचना में लगे टाइल्स भी कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।प्लांट के अंदर रास्तों में बिछाए गए पेवर ब्लॉक भी जहां-तहां से उखड़ने लगे हैं।जो एक जांच का विषय है।

बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो का कहना है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में काफी अनियमितता बरती गई है।साथ ही निर्माण कार्य में सामग्रियों का भी कटौती की है।बहेरा पंचायत के ग्रामीणों के कई घरों में नल नहीं लगाया गया है।विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की उच्चस्तरीय जांच हो।तथा पंचायत वासियों के घरों नल लगाकर तत्काल पानी को सप्लाई किया जाय।ताकि लोगों को पानी की कमी से छुटकारा मिल सके।

# आईसेक्ट विवि के खिलाफ दारु के ग्रामीणों का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग)।** आईसेक्ट विवि का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। भवन निर्माण के साथ साथ विवि द्वारा चहारदीवारी का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जिसके विरुद्ध दारू अंचल क्षेत्र के जिनगा और जोहनिया के निवासियों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चहारदीवारी निर्माण करने का आरोप लगाया है। यूनिवर्सिटी का निर्माण सदर अंचल और दारू अंचल क्षेत्र के सिमाना पर हुआ है इसके भवन का ज्यादातर भाग सदर अंचल क्षेत्र में आता है जबकि पीछे का भाग दारू अंचल में पड़ता है। दारू अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि यूनिवर्सिटी के पिछले हिस्से में जो चारदीवारी का निर्माण हो रहा है वह गैरमजरूआ खास किस्म की जमीन है जिसका मौजा जोहनिया खाता नम्बर 11 प्लॉट संख्या 304 है। इस संबंध में अंचलाधिकारी नीतू कुमारी इसी वर्ष चार फरवरी को यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मनीष कुमार को अवैध निर्माण के संबंध में नोटिस भी जारी कर सरकारी जमीन पर चारदीवारी निर्माण की बात कही थी। यूनिवर्सिटी के द्वारा लगातार सरकारी और निजी जमीन

**सरकारी जमीन पर चहारदीवारी निर्माण का लगाया आरोप**



पर अवैध कब्जा का प्रयास किया जा रहा है जिसका विरोध करते हुए ग्रामीण शनिवार को गोलबंद होकर अवैध निर्माण और कब्जे के प्रयास का विरोध किया। जिनगा पंचायत के उपमुखिया सुरेश साव ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा उनके जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है, हर विभाग में अधिकारियों को आवेदन दिया पर कोई करवाई नही हुई। इस मुद्दे को लेकर उन्हें बाध्य होकर आंदोलन करना पड़ेगा।

सीओ नीतू कुमारी ने कहा कि उनके द्वारा अवैध कब्जा और चारदीवारी निर्माण का नोटिस यूनिवर्सिटी को दिया गया था। जोहनिया गांव के एक व्यक्ति के द्वारा गैरमजरूआ खास जमीन का हुक्मनामा और रिटर्न का कागजात अंचल में जमा करते हुए खाता संख्या 11 और प्लाट संख्या 304 पर अपना मालिकाना हक का दावा किया गया है। कागजात की जांच चल रही है उसके बाद ही स्पष्ठ हो पायेगा की सरकारी जमीन पर दावा करने वाले व्यक्ति का वास्तविक में दावा बनता है या नही जल्द ही इसकी जांच पूरी कर ली जाएगी। विरोध करने वालो में उपमुखिया सुरेश साव, मुखिया पति प्रमोद राम , बाबूलाल राम,जगदीश राम, हीरो प्रजापति, महावीर प्रजापति, रामवृक्ष ठाकुर, धनेश्वर राम, सुरेश साव, गणेश यादव, नारायण प्रजापति, विकी ठाकुर, टेकलाल गोप, जीतन, दशरथ यादव , झमण ठाकुर, मुकेश प्रजापति, सुखलाल यादव इत्यादि कई लोग शामिल थे।

### व्यापारियों की समस्याओं का करेंगे निदान : विनय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव सत्र 2023-25 को ले विनय कुमार अग्रवाल की टीम की ओर से सशक्त दावेदारी पेश की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात्रि भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित उत्सव मैरेज हॉल में भुरकुंडा कोयलांचल के व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, दिनेश कुमार पोद्दार, अशोक सिंह, गोपाल शर्मा, भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, इंद्रपाल सिंह विनय कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, मनजीत साहनी, सरोज कुमार सिंह, मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानू, विनय कुमार अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, संतोष तिवारी उपस्थित थें। बैठक को विनय अग्रवाल की टीम ने व्यवसायियों को विश्वास दिलाते हुए कहा रामगढ़ चेंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े सभी भाइयों को भयमुक्त माहौल देकर समस्याओं का समाधान ही हमारा उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा कि आपसबों के समस्याओं के समाधान के लिए हमारी टीम 24 घंटा और 365 दिन तत्परता से खड़ी रहेगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली टीम हैं। अवसर दें हर समस्याओं का समाधान होगा।

### रामगढ़ चेंबर चुनाव में हमारी टीम की होगी जीत : बुधिया



**रामगढ़।** 2 अप्रैल को होनेवाले रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों की जीत होगी। यह बातें शनिवार को प्रेस बयान जारी कर विमल बुधिया ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी टीम में 15 प्रत्याशी शामिल हैं। टीम के प्रत्याशियों ने व्यवसायियों के बीच जाकर अपने नीति व सिद्धांतों से उन्हें अवगत कराया और कहा कि यदि हमारी टीम की चेंबर चुनाव में जीत हुई तो हम व्यवसायियों के हित में कार्य करते हुए जिले में उद्योग और व्यवसाय के लिए अनुकूल माहौल देंगे। जिसमें व्यवसायी बगैर किसी भय के अपने उद्योग और व्यवसाय चला सकें। बुधिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए गए कृषि कर को स्थगित करने का श्रेय एक टीम लेने का प्रयास कर रही है। लेकिन यह सही नही है। उन्होंने कहा कि कृषि कर फेडरेशन ऑफ झारखंड कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रयास के बाद स्थगित किया गया है। विमल बुधिया ने कहा कि हमारी टीम के सदस्यों ने जिलाभर में व्यवसायियों के बीच जाकर उन्हें बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्माण के लिए हमारी टीम को आप समर्थन दें, हमारी टीम के सदस्य हर वक्त आपकी सहायता को तत्पर रहेंगे। जहां मदद की जरूरत होगी हमारी टीम आपको मौजूद मिलेगी।

# भुरकुंडा परियोजना ने 4.10 लाख एमटी टन कोयला का किया उत्पादन

भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका-सयल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना ने अपने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। 2022-23 के निर्धारित उत्पादन लक्ष्य 3 लाख एमटी कोयला उत्पादन को हासिल करते हुए 4.10 लाख एमटी कोयला का उत्पादन किया। वहीं 10 हजार क्यूबिक मीटर ओबी उत्पादन लक्ष्य में 80 हजार क्यूबिक मीटर का उत्पादन किया गया। कम समय में उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने से परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। उत्पादन टारगेट पूरा होने पर शनिवार को बरका सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बलकुदरा आउट सोर्सिंग खदान पहुंचकर उपस्थित सभी कामगारों, अधिकारियों और यूनियन के लोगो को टारगेट पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाईयां दी। साथ ही सभी कामगारों के बीच मिठाईयां बांटी गई। मौके जीएम अजय सिंह

**सभी के सहयोग से लक्ष्य से अधिक की हुई प्राप्ति : अजय**

ने कहा कि बरका-सयाल क्षेत्र के कर्मठ कामगार, अधिकारी व यूनियन के सहयोग से हम सबों ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि बरका सयाल प्रक्षेत्र अपने स्थापना काल से लेकर अभी तक की सबसे ऐतिहासिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। क्षेत्र के सभी परियोजनाओं ने अपने निर्धारित लक्ष्य को पार कर अधिक उत्पादन किया है। जो बरका सयाल क्षेत्र के लिए गौरवशाली है। जीएम अजय सिंह ने बरका सायल के सभी परियोजनाओं में जाकर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की बधाइयां और शुभकामनाएं कामगारों को दिया। मौके पर सयाल डी पीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ पदाधिकारी दिलीप कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, एरिया स्टाफ



अफिसर ए मलिक, जीएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार सिंह, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, शिफ्ट मैनेजर अजीत कुमार सिंह, पीएलआर के रवि रेड्डी, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, कोल् फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और भुरकुंडा परियोजना के सचिव पप्पू सिंह, रामानुज प्रसाद, बसंत बस्पत, रामदेव महतो, मनोज राम, ओम प्रकाश ओझा, दयानंद प्रसाद केसरी, रंजीत एक्का, गोपाल, बुधनी देवी, प्रदीप, शनीचर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### चरही में धूमधाम से रामनवमी संपन्न

चरही ।चरही में रामनवमी का त्यौहार धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण शनिवार को संपन हो गया।विजयदशमी की रात्रि को विभिन्न अखाड़ों के द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई।तेज वारिश होने के बावजूद भी रामभक्त रात भर झूमते रहे। कई जगहों पर महानवमी और विजयादशमी के दिन ही संपन किया गया।जबकि चरही में शनिवार एकादशी को संपन किया गया। चरही का जुलूस रात भर भर भ्रमण करता रहा।इस जुलूस में दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग भी जुलूस के साथ घूमते रहे।साथ ही एकता और अखंडता के परिचय देते हुए लाठी और लेकर अपने कर्तव्य को दिखाया। जामा मस्जिद के पास जुलूस को रोककर पानी और शरबत पिलाकर भव्य स्वागत किया। यह झांकी शुक्रवार रात्रि की सात बजे निकली जो कि अगले दिन शनिवार को दिन के एक बजे संपन किया गया।

### जिप उपाध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बरही।** डपोक पंचायत अंतर्गत पांडेयटोला में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिला परिषद हजारीबाग उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने फीता काटकर किया। किशुन यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को धरातल में लाने का लोगों से वादा किया।इसके लिए उन्होंने अपने निजी फोन नंबर से लोगों को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि उनकी समस्याओं का निदान तत्काल एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अवश्य कराने का प्रयास करूँगा। मौके पर डपोक पंचायत के उपमुखिया बलराज यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव, संजय पांडेय, प्रकाश यादव, अजय यादव, उपेंद्र पांडेय, रंजीत पांडेय, कुलदीप पांडेय, दीपू पांडेय, दिगंबर पांडेय, रोहित यादव, मनोज यादव, राधेश्याम पांडेय, इन्द्रदेव यादव आदि उपस्थित रहे।

### जल संकट को ले किशुन यादव ने की बैठक

**बरही।** भंडारो पंचायत के बेहराबाद बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। भंडारो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव भी मौजूद रहें। बैठक में मुख्य समस्याओं में प्रथम पेयजल की किल्लतों से उन्हें अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बजरंगबली मंदिर में पेयजल के लिए पानी की काफी समस्या है। जिसका तत्काल व्यवस्था मुख्य रूप से कराने की मांग की गई। दोनों प्रतिनिधियों ने मिलकर सभी तरह के योजनाओ के बारे में अवगत कराया और सभी मांगे पूरी करने का भी आशवासन दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भण्डारो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिरेन्दर पाण्डेय, तुलसी रविदास, रमाकान्त पांडेय, परमानंद पांडेय, सीताराम पांडेय, संजय पांडेय, बबून यादव, अशोक पांडेय, पिंटू सिंह, पर्दीप पांडेय, शिवशंकर पांडेय, सीताराम यादव, कैलाश यादव, बाबूलाल पांडेय, रौशन पांडेय, अभिमन्यु पांडेय एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पुस्तकालय का विधायक ने किया उद्घाटन



बिष्णुगढ़ । चानो पंचायत में युवा शक्ति विचार मंच के द्वारा लगभग 1 वर्षो के अथक प्रयास से पुस्तकालय का निर्माण किया गया। इस क्षेत्र के गरीब गुरुवा किसान मजदूरों के बच्चों को नौकरी के लिए कंपटीशन की तैयारी हजारीबाग जाकर करना पड़ता था अब वह सुविधा संगठन के द्वारा चानो पंचायत में ही दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। पुस्तकालय का नामकरण झारखंड के जननायक स्व. टेकलाल बाबू के नाम से रखा गया है। उद्घाटन पूरे भव्य तरीके से अपने क्षेत्रीय संस्कृति परंपरा के साथ सिद्धू कान्हू जीवन गाथा सेचेद दोबतिया (तेलनियादह) के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों और डायरेक्टर राजेश बाबू के द्वारा प्रस्तुत किया गया , जिन्होंने अपने पारंपरिक संस्कृति के साथ हमारे मेहमानों और हम सभी को अभिभूत किया युवा शक्ति विचार मंच के शिक्षा के प्रति सोच को देखते हुए मांडू विधानसभा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने आश्वासन दिया कि हम पुस्तकालय में पुस्तक खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपया अपने विधायक मद से देंगे और साथ में बिशनगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि बैलाल अंसारी और चानो पंचायत के मुखिया गीता देवी ने आश्वासन दिया की 15 वे वित्त से पुस्तकालय का नए भवन का निर्माण भी कराएंगे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जी बिष्णुगढ़ पूर्वी के युवा जिप सदस्य लोकप्रिय सरजू पटेल जी अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल जी चानो पंचायत के मुखिया गीता देवी प. स. स. खेमिया देवी चानो पंचायत के बीसीसीएल रिटायरमेंट इंजीनियर चंद्रनाथ महतो सरूकुदर पंचायत के मुखिया सह विष्णुगढ़ प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम कु महतो युवा शक्ति विचार मंच के लगभग सभी सम्मानित सदस्य गण उपस्थित थे

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची**

पत्रांक– दिनांक–

**आमंत्रित निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के निविदा आमंत्रण संख्या–**211/2022-23/RWD/KHUNTI, दिनांक 02.01.2023, PR NO.- 286558** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/KHUNTI/21/2022-23** एवं **RWD/KHUNTI/22/2022-23** की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्यूर्मन्ट सेल

PR 294229Rural Work Department(22-23)#D

# कुजू क्षेत्र ने कोयला उत्पादन लक्ष्य को किया हासिल

**सचिन कुमार**

**कुजू।** सीसीएल मुख्यालय से सीसीएल कुजू क्षेत्र वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिले लक्ष्य को पूरा करने में सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया है। वर्ष 2022-23 में क्षेत्र को कोयला उत्पादन में 15 लाख मिट्रिक टन व ओबीआर में 44 लाख क्यूबिक मीटर लक्ष्य दिया गया था। जिसमें सीसीएल कुजू क्षेत्र के द्वारा कोयला में 15 लाख 36 हजार 700 मिट्रिक टन उत्पादन किया। जबकि ओबीआर 34 लाख 86 हजार 901 क्यूबिक मीटर रहा।

करमा व तोपा ने दिलायी सफलताः 2022-23 में करमा परियोजना ने इस बार मिले लक्ष्य से कम कोयला उत्पादन किया। लेकिन तोपा ने इसका भरपाई करते हुए मिले लक्ष्य से अधिक उत्पादन कर

**15 लाख 36 हजार 700 मिट्रिक टन कोयले का किया उत्पादन**



सफलता हासिल किया। करमा परियोजना को मुख्यालय द्वारा 8 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें उसने 7 लाख 20 हजार 100 ही उत्पादन किया। जबकि ओबीआर में 15 लाख क्यूबिक मीटर निकालने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें से परियोजना ने 16 लाख 12 हजार 986 क्यूबिक मीटर ओबीआर निकाला। वहीं तोपा परियोजना को कोयला उत्पादन में 7 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें परियोजना ने गत वर्ष के आंकड़े को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड 8 लाख 16 हजार 600 टन कोयला उत्पादन किया। वहीं ओबीआर में 25 लाख क्यूबिक मीटर ओबीआर निकालने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 18 लाख 73 हजार 915 क्यूबिक मीटर ओबीआर निकाल पाया।

पिछले 5 वर्षों के बाद सीसीएल कुजू क्षेत्र ने लक्ष्य पूरा करने में पाई सफलता

सीसीएल कुजू क्षेत्र पिछले 5 वर्षों से मिले लक्ष्य को पूरा करने में असफल रहा है। लेकिन इस बार तोपा व पिंडरा परियोजना के बेहतर उत्पादन के कारण इसको पूरा करने का सफलता हासिल किया है। बताते चले कि 2017-18 में सीसीएल कुजू क्षेत्र को कोयला उत्पादन में 33 लाख टारगेट दिया गया था. जिसमें 20 लाख 13 हजार 221 टन किया। 2018-19 में 29 लाख 95 हजार मिला, जिसमें 21 लाख 20 हजार 215 किया। 2019-20 में 23 लाख 20 हजार मिला, जिसमें 17 लाख 27 हजार 954 किया. 2020-21 में 22 लाख 15 हजार मिला। जिसमे 14 लाख 53 हजार 100 टन किया। 2021-22 में 22 लाख टन लक्ष्य मिला जिसमें 12 लाख 70 हजार 550 टन कोयला उत्पादन किया। लेकिन 2022-23 में क्षेत्र को मिले टारगेट 15 लाख टन में 15 लाख 36 हजार 700 टन कोयला उत्पादन किया।

**झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड**
**JSFC भवन, कडरू मेन रोड़, रांची – 8340021**

पत्रांक : 1296 **NIT** दिनांक – 31.03.2023

**Short Tender Notice for Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc. through e-tender followed by Reverse e-auction**

| | |
|---|---|
| Tender Ref no. | |
| Description | Empanelment of Publishing agency, Audio video production, Broadcast Telecast in different media, Paper advertisement/ Tender notice/ Display notice/ Booklet/ etc |
| Tender Start date | 01.04.2023 |
| Last date and time for submission of Tender | 12.04.2023 |
| Date and time for opening of tender | 13.04.2023, 3.00 P.M. |
| Website for downloading RFP Document, Corrigendum/addendums | https://jhtenders.eproc.in |
| Tender Fees | Rs. 1000 in the Account of |
| EMD | Rs. 10000 in the Account of |
| Bank Details | Account Holder - Jharkhand state Food and Civil Supplies Corporation Limited.<br>Bank Name - Induslnd Bank,<br>Account No. - 100172871641<br>IFSC - INDB0000030 |

**Managing Director**
**(JSF & CSCL)**

पत्रांक : 04/रा.खा.नि./विविध/2/2023-1297, रांची, दिनांक - 31.03.2023

# कोडरमा-रजौली फोरलेन सड़क अधर में

## विधायक ने केंद्रीय मंत्री से अविलंब प्रारम्भ करने कि मांग की


खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक डॉ नीरा यादव ने केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग भारत सरकार नितिन गडकरी से पत्र के माध्यम मांग किया कि झारखंड के हजारीबाग कोडरमा और बिहार के नवादा जिला को जोडने वाली एनएच 31 बरही रजौली फोरलेन एनएचएआई फेज का कार्य वर्ष 2019 से ही शुरू है, परंतु उक्त कार्य की प्रगति एनएचएआई के अन्य परियोजनाओं की तुलना में काफी धीमी है। वन विभाग एवं एनएचएआई के बीच कुछ बिन्दुओं पर विवाद के कारण इस फेज को कोडरमा से रजौली का अभी तक कार्य प्रारम्भ भी नहीं हुआ है, इसलिए उन्होंने बताया कि कोडरमा-रजौली फोरलेन कार्य अविलंब प्रारम्भ करवाया जाय। साथ ही पत्र के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि इसी पथ परियोजना अंतर्गत हमारे सुप्रसिद्ध शहर झुमरीतिलैया के एक छोर सुभाष चौक एवं दूसरे छोर पर महाराणा प्रताप चौक पर छोटे-बड़े सवारी वाहनों एवं आमजनों को शहर में प्रवेश एवं शहर से बाहर जाने का मुख्य मार्ग है। विधायक ने जनहित में केन्द्रीय मंत्री से इन दोनों स्थानो पर गोलंबर निर्माण कराने की मांग की।



## कोडरमा के जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के छतरबर स्थित चिल्लीटांड़ भोचाईया जंगल में एक 35 वर्षीय युवक का पेड़ पर लटका शव मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। युवक के शरीर पर चोट के काफी निशान भी मिले हैं। संभावना जताई जा रही है कि मारपीट करने के बाद युवक की हत्या कर उसका शव पेड़ से लटका दिया गया है। हालांकि शव मिलने की सूचना पर एएसपी प्रवीण पुष्कर की अगुवाई में थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। शव की पहचान और हत्या के कारणों का खुलासा करने के लिए खोजी कुत्ता को भी बुलाया जा रहा है। इधर गांव से सटे जंगल में शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इकट्ठा हो गए हैं और घटनास्थल पर भीड़ जुट गई



## धर्म परिवर्तन जांच में सत्य पाये जाने पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत स्थित ग्राम लोहोंडियो में धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लोहोंडीयों निवासी महेंद्र साव के घर में कई महीनों से ग्रामीण महिलाओं को पूजा अर्चना करने के बहाने बुलाया जाता था एवं धर्म परिवर्तन करने की बात कही जाती थी। वही 1 अप्रैल को पूजा अर्चना करने के बहाने आई महिला को ग्रामीणों ने आते देख इसकी सूचना मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार को दिए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लव कुमार महेंद्र साव के घर पहुंचे जहां देखे की 10 से 12 की संख्या में महिलाएं पूजा कर रही है। इसी दौरान एक ईसाई धर्म का पुस्तक भी मौजूद था। थाना प्रभारी उपस्थित महिलाओं से पूछताछ की तो महिलाओं ने बताया कि हम लोग कभी-कभी चौपारण के आगे जिसका नाम नही पता है वहां हम सब महिलाएं जाते हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम तेलोडीह एवं जामु में भी यह कार्य चल रहा है।



## पथराव व वन विभाग का वाहन क्षतिग्रस्त मामले में 24 पर मामला दर्ज

### सिमरिया में लकड़ी लदे वाहन को जब्त करने के दौरान किया गया था पथराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सिमरिया में लकड़ी लदे वाहन को जब्त करने के दौरान वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा पथराव व वन विभाग का वाहन क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले को लेकर रेंजर रविंद्र सिंह ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर गांव के राजू साव, कारू साव, भीम साव, विकास साव सहित 24 लोगों को नामजद व 45 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में रेंजर ने बताया है की 29 मार्च को 3 बजे उन्हें सूचना मिली की सफेद रंग की पिकअप वैन से अवैध रूप से लकड़ी लोड कर जयनगर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पाकर वन विभाग की टीम कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग पर निकली, इसी दौरान जामू के पास सफेद पिकअप वैन आता दिखा, जिसे देख वन विभाग की गश्ती दल ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वाहन चालक वाहन को तेजी से भगाते हुए सिमरिया की ओर ले जाने लगा, गश्ती दल भी उक्त वाहन का पीछा करने लगी। इसी दौरान पिकअप चालक के तेज गति से वाहन भगाने के क्रम में सिमरिया शिव मंदिर के सामने बने चबूतरा में चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, इसी दौरान वाहन के चालक व खलासी निकल भागने लगे। गश्ती दल की टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, इसी दौरान आसपास के कुछ ग्रामीण वहां आ पंहुचे जिनमे राजू साव, कारू साव, भीम साव, विकास साव, राजकुमार साव, अशोक साव, दीपक साव, दिलीप साव, महेश साव, पंकज साव, कामेश्वर साव, हीरालाल साव, जीवधन साव, संतोष साव, प्रमानन्द पासवान, मुकेश साव, देवकी साव, सिताराम पंडित, सुमन पंडित, कारू राणा समेत कई अन्य लोग शामिल थे। गश्ती दल के लोगों को गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की व दुर्व्यवहार करने लगे। घटना में एक वनकर्मी घायल हो गया। जबकि गाड़ी मे लदेघ लकड़ी को ग्रामीण अपने अपने घर ले जाने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस के पंहुचने पर पिकअप वैन को वन विभाग की टीम ने जब्त कर लिया लेकिन जब जब्त वाहन को लेकर वन विभाग की टीम आने लगी तो इसी दौरान राजू साव, कारू साव व अन्य ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया जिससे जिससे गश्ती वाहन का शीशा टूट गया और वाहन में बैठाघ वनरक्षी देवनारायण दास गंभीर रूप से घायल हो गया। जब्त वाहन को डोमचांच प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है।

## बारिश, तूफान तथा ओलावृष्टि से रवि फसलों व सब्जी को भारी नुकसान



सड़क पर जमा पानी

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को हुई असमय बारिश, तूफान तथा ओलावृष्टि से प्रखंड के किसानों की रवि फसलों व सब्जी को भारी नुकसान पहुंची है। किसानों के खेतों में लगे अरहर, चना, सरसो, गेहूं तथा सब्जी की फसल ओलावृष्टि के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो गया। वहीं कुछ किसानों द्वारा खेतों से काट कर रखे गए खलिहान में बारिश की पानी भर जाने से खराब हो गया। शनिवार दोपहर आधा घंटा तक तेज वर्षा से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। महुआ की फसल सहित सब्जी भिंडी, करेला, कद्दू, खीरा सहित अन्य सब्जी इस बारिश व ओलावृष्टि में पूरी तरह बर्बाद हो गया। किसान भोला मेहता, नरेश मेहता, संजय मेहता, झुमन अंसारी, अजय यादव, सुदर्शन मेहता, मनोज कुमार मेहता सहित कई किसानों ने ओलावृष्टि व वर्षा से हुई फसल की नुकसान का जांच कर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग सरकार से की है। उधर तेज बारिश से कांडी बाजार स्थित मुख्य सड़क पर पानी भर गया। नाली से पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर भरा हुआ पानी लोगों के घरों में व दुकानों में भर गया। ओलावृष्टि तथा मूसलाधार बारिश से बर्बाद हुई किसानों की फसल को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि ओलावृष्टि तथा भारी बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। सरकार किसानों की फसलों की क्षतिपूर्ति तत्काल नहीं करती है तो बाध्य होकर किसान आंदोलन करेंगे।

## प्रतिनिधि के साथ मारपीट करना अमाननीय, प्रशासन करे कार्रवाई : झामुमो

### पूर्व विधायक ने की ओछी राजनीति की सारी हदें पार : धीरज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने ओछी राजनीति की सारी हदें पार कर दी है। उन्होंने दलित पंचायत प्रतिनिधि के साथ मारपीट कर अमाननीय कार्य किया है। पुलिस प्रशासन उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करे अन्यथा झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा। श्री दुबे ने शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री दुबे ने कहा कि गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यां से पूर्व विधायक घबरा गये हैं। उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बच गया है। इसलिए वे गलत बयानबाजी करना, गलत फेसबुक पोस्ट कराना, दलित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मारपीट करना आदि ओछी राजनीति पर उतारू हो गये हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के शोभा यात्रा में किसी के साथ मारपीट करना उनकी गलत मानसिकता को दर्शाता है। पंचायत समिति सदस्य शंकर राम ने मंत्री श्री ठाकुर के विकास कायों से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसी बौखलाहट में उन्होंने मारपीट कर दिया। श्री दुबे ने कहा कि चुनाव हारने के बाद उन्हें इतनी मानसिक स्थिति खराब नहीं कर लेना चाहिए कि कुछ भी करने पर उतारू हो जाएं। 10 साल विधायक रहा व्यक्ति यदि पंचायत समिति सदस्य के साथ मारपीट करे, तो यह गढ़वा सहित पूरे झारखंड के लिए चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करे। रामनवमी के मंगलवारी जुलूस में शामिल मंत्री के खिलाफ पूर्व विधायक के घर में काम करने वाले उनके समर्थक ने फेसबुक पर अश्लील पोस्ट कर पूरे समाज को बदनाम कर दिया। जिस महिला का फोटो पोस्ट किया गया है, उनके परिवार वालों सहित समाज के अन्य लोग भी मानसिक रूप से पीड़ित हैं। यदि झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ इस तरह का घिनौना हरकत किया जाएगा तो झामुमो आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम आदि लोग उपस्थित थे।





प्रेस कन्फ्रेंस करते झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता

## टंडवा में प्रतिमा विसर्जन के पश्चात चैती दुर्गा पूजा सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** पुरे प्रखंड मे एक मात्र टंडवा मे आयोजित चैती दुर्गा पूजा शनिवार को भव्य प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हो गया। शनिवार शाम को प्रतिमा विसर्जन को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे हर वर्ष की तरह इस बार भी पुरुषो के अलावे महिलाऐं भी शोभा यात्रा मे शामिल हुए। शोभा यात्रा के पहले विधिवत पूजा अर्चना व आरती की गई। जिसके बाद शंखनाद के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जो बाजार टांड़ भवानी मुहल्ला पोस्ट आफिस चौक नीम चौक पांसी मुहल्ला हॉस्पीटल चौक रेंज आफिस होते शोभा यात्रा टंडवा की ऐतेहासिक जोड़ा तलाब पहुंची। जहां विधिवत संध्या आरती की गई। शोभा यात्रा मे शामिल लोगो ने मूर्ती विजर्जन के पहले संध्या आरती मे शामिल होकर मां दुर्गा से अपने सपरिवार के सुखमय जीवन की कामना करते हुए जयकारो व शंखनाद के साथ प्रतिमा विसर्जन करते हुए श्रद्धालु मां दुर्गा को नम आंखो से बिदाई दी। प्रतिमा विजर्जन के पहले शोभा यात्रा मे शामिल लोगो द्वारा लगाए गये जयकारो से पुरा क्षेत्र भक्तीमय हो रहा था। शोभा यात्रा के दौरान जय मां दुर्गा, जय माता दी, जय बजरंग बली, हर हर महादेव जय श्री राम आदि देवी देवताओं के जयकारो से पुरा इलाका गुंजयमान होता रहा। पूजा को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष रुदेश कुमार, अनील दास, नंदा थापा, मनोज माली, राजेंद्र नायक गणेश गुप्ता देवकी रजक अनुग्रह नारायण सिंह सरोज गुप्ता सुरेश नायक अर्जुन दास समेत अन्य कई शामिल थे।

### झांकियो को किया गया सम्मानित



**टंडवा (चतरा)।** रामनवमी जुलूस के सभी झांकियो को गुप्ता चौक टंडवा द्वारा पूजा समिति के अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष की मौजूदगी में पगड़ी व माँ दुर्गा की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया मौके पर वायुसेना के बसंत कुमार, नीरज गुप्ता, विशाल गुप्ता, रंजीत गुप्ता, बसंत कुमार (शिक्षक) मंजीत गुप्ता, भोला गुप्ता, मोनू हलुवाई, जीत गुप्ता, राकेश नायक, प्रदीप गुप्ता, पिंटू गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता,जतिन गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### छत से गिरकर महिला की मौत

**इटखोरी।** टोनाटांड गांव के सिकंदर सिंह की पत्नी पुष्पा देवी की मौत छत से फिसल कर गिरने से हो गई। घटना शनिवार शाम तकरीबन 4:30 की है। मृतका अपने घर के छत पर सूखी लकड़ी और महुआ लाने गई थी। इसी दौरान उसका पैर छत से फिसल गया और वह जमीन पर आ गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उन्हें इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामने बर्मा मेडिकल में पारस हस्पिटल रांची के डक्टरों के द्वारा 1 अप्रैल को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मरकच्चो के ग्रामीण चिकित्सक अवधेश कुमार एवं पारस हस्पिटल मार्केटिंग इंचार्ज राजू यादव के द्वारा गरीबों एवं दूर दराज के लोगो की स्वास्थ्य को देखते हुए वर्मा मेडिकल हल में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पारस हस्पिटल के डक्टर चंदन कुमार, गैस्ट्रोलजी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ड कुमार अभिषेक, जीएनएम कलावती कुमारी के द्वारा नि:शुल्क इलाज किया गया। वहीं ग्रामीण चिकित्सक अवधेश कुमार एवं मार्केटिंग अफिसर राजू यादव के द्वारा जानकारी दिया गया पारस हस्पिटल में सभी तरह के डक्टर है और ईलाज करते हैं।

### शॉर्ट सर्किट से श्रृंगार दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

**कोडरमा।** थाना अंतर्गत जयनगर रोड रिया श्रृंगार नामक मनिहारी दुकान में शुक्रवार रात शर्ट सर्किट से आग लगने से दुकान का सामान जलकर राख हो गयी। दुकानदार को पांच लाख का नुकसान हुआ है। स्टोर मालिक वीरू साव ने बताया कि रात में दुकान बंद कर वे अपने घर चले गये थे। वहां अचानक धुआं देने लगा, इसकी सूचना मिलने के बाद पहुंचकर देखा कि शर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई है। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस और दमकल को देने के बाद दमकल मौके पर पहुंचकर आग बुझाया पर तबतक सभी सामान जलकर राख हो गया था।

### मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने से युवक गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित राज क्लिनिक के समीप तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के देवीपुर पंचायत के रुस्तम खान का पुत्र फिरोज खान उर्फ बबलू के रूप में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबलू अपनी मोटरसाइकिल जेएच11एक्स 4612 से अपने घर जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से आ रही मोटरसाइकिल से चकमा खाकर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गया, जिससे बुरी तरह घायल हो गया। वहीं आसपास के ग्रामीणों के मदद से कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहां ईलाज कर बेहतर ईलाज हेतु रांची रेफर कर दिया गया।

### अर्जुन साव व सोनाली को न्याय दिलाने को लेकर बैठक आज

**डोमचांच (कोडरमा)।** बालिका उच्च विद्यालय में रविवार सुबह 10 बजे एक आवश्यक बैठक अर्जुन साव व सोनाली उर्फ सोनी हत्याकांड को लेकर रखी गई है। बैठक के दौरान जिन विषयों की चर्चा की जाएगी, उनमें 10 अप्रैल से कोडरमा समाहरणालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर है। जिसमें प्रदर्शन के माध्यम से अर्जुन साव ग्राम सपही निवासी हत्याकाण्ड में शामिल सभी नामित शशिकांत कुमार, विकास कुमार पासवान, सतीश पांडेय, रवि उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी जो अर्जुन साव के हत्या में शामिल थे, वहीं इसके अलावा सोनाली हत्याकांड का सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में किये जाने की मांग भी रखी जायेगी। उपर्युक्त जानकारी झारखंड आंदोलनकारी के अध्यक्ष अजय ष्ण मोदी ने दी।

## एक नजर में

### झांकी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को किया गया सम्मानित

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के कई रामनवमी पूजा समितियों के द्वारा रामनवमी पर निकाली गई। झांकी प्रतियोगिता को लेकर शुक्रवार को महावीर पिंडा समिति के द्वारा प्रतियोगिता में शामिल आखाड़ा समितियों के लिए सम्मान में समारोह का आयोजन कर उन्हे सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में आठ अखाड़ा समितियों ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम स्थान बेहराडीह व नावाडीह, दूसरा स्थान रिद्धि सिद्धि भवानी मंदिर महेशपुर, विघ्नविनाशिनी मंदिर कालीमंडा डोमचांच व तीसरा स्थान ताराटांड़ महेशपुर, जेरूवाडीह, रूपनडीह व मसनोडीह ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भरत नारायण मेहता, प्रभाकर लाल रावत, देवेन्द्र मेहता, सिंजन बक्श, व बसंत मेहता ने निभाया।

### 101 वर्षीय धर्मपरायण लूखरी देवी का विजय दशमी के दिन निधन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कहते है जन्म और मृत्यु ऊपर वाले के हाथों होती है। लेकिन कभी कभी इंसान के धर्म कर्म से जीवन में होने वाली घटना का पूर्ण आभास हो जाता है। ऐसा ही मामला गुमो निवासी उमेश सिंह कि माता 101 वर्षीय लुखरी देवी के निधन में देखा गया। 101 की उम्र में भी लुखरी देवी अपने सभी दैनिक जीवन का कार्य खुद किया करती थी। भगवान पर उनकी आस्था ऐसी थी की हर वक्त ईश्वर के ध्यान में रहती और पूजा पाठ में लगे रहने से घर के माहौल में सभी की आस्था भगवान पर मजबूत होती रही। उनके पुण्यकर्मो की वजह से ही चौती नवरात्रा की नौ दिन आराधना के बाद ही लुखरी देवी ने अपने मृत्यु की आशंका जताई और हुआ भी यही, ठीक विजय दशमी के दिन शुक्रवार को लगभग 3 बजे उन्होंने चलते फिरते अपने प्राण त्याग देवत्व की प्राप्त कर गई। उनके आकस्मिक मृत्यु से परिवार में शोक है।

### शांति व सौहार्दपूर्ण रामनवमी त्योहार सम्पन्न कराने को लेकर दिया धन्यवाद

**कोडरमा।** जिला अंजुमन कमिटी के सदर खालिद खलील और कलंदरिया एसोसिएशन ट्रस्ट के प्रसिडेंट हाजी आफताब आलम के नेतृत्व में मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को डीसी आदित्य रजंन और एसपी कुमार गौरव से मिलकर बुके देते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। ज्ञात हो कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### पूर्व विधायक ने की पंसस शंकर राम के साथ गाली-गलौज व मारपीट

**गढ़वा।** रंका के पंचायत समिति सदस्य शंकर राम के साथ गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी द्वारा मारपीट एवं गाली-गलौज किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पूर्व विधायक के विरूद्ध एससी, एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आलोक में पूर्व विधायक के विरूद्ध एससी, एसटी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन, तीन माताओं को डीसी ने किया सम्मानित

**गढ़वा।** पोषण पखवाड़ा 2023 के तहत शनिवार को जिला परिषद गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त, उप विकास आयुक्त राजेश राय, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सिंह, सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

### हाईवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बेलपहाडी निवासी 25 वर्षीय इस्ताक अंसारी की मय प्रदेश के एक कम्पनी में हाईवा की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इस्ताक अंसारी मय प्रदेश के मझौली सिंगरौली स्थित जयप्रकाश पवर बेचर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में काम करता था। माइंस के अंदर कार्य कर अपने रूम लौटने के दौरान गुरुवार की रात माइंस के अंदर कम्पनी के ही यूपी 64 बीटी 3416 नामक हाइवा द्वारा कुचले जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अंत्यपरीक्षण कर मृतक का शव शुक्रवार की देर रात उसके पैतृक आवास बेलपहाडी पहुंचा। शव पहुंचने की जानकारी मिलते ही पंचायत के जनप्रतिनिाि व प्रबुद्ध लोग मृतक के घर पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंाामया।

### 25 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**मझिआंव।** प्रखंड के खरसोता गांव में एक्यूप्रेशर पद्धति से निःशुल्क इलाज के लिए शिविर लगाया गया। इस दौरान 25 मरीजों का इलाज एक्यूप्रेशर पद्धति से किया गया। इस संबंध में इलाज कर रहे थेरेपिस्ट रामरेखा प्रजापति ने बताया कि एक्यूप्रेशर पद्धति से बिना रासायनिक दवा के मानव शरीर के गंभीर एवं असाय रोगों का इलाज किया जा सकता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। उन्होंने बताया कि यह प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर एवं चाइनीज एक्यूप्रेशर पद्धति मानवता के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### विधानसभा में मानदेय का मामला उठाने पर पंसस संघ ने विधायक को दिया बधाई

**भवनाथपुर।** पिछले दिनों झारखण्ड विधानसभा में राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत समिति सदस्य के मानदेय के मामला को भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाने पर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्यों ने विधायक भानु प्रताप शाही से मुलाकात कर बधाई दिया।

### मझिआंव नप कार्यपालक पदाधिकारी को मिला मेराल सीओ का अतिरिक्त प्रभार

**मेराल।** डीसी शेखर जमुआर के आदेश पर शनिवार को मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला ने मेराल सीओ का पद्भार ग्रहण किया। उन्होंने मेराल बीडीओ सह सीओ प्रवेश कुमार साव से प्रभार ग्रहण किया। 31 दिसंबर को डीसी कार्यालय से निर्गत आदेश में कहा गया है कि कार्य हित में स्थानीय व्यवस्था के तहत मझिआंव नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला मेराल सीओ का प्रभाव ग्रहण कर जनहित में त्वरित गति से कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। पद्भार ग्रहण करने के बाद नए सीओ ने कहा कि लोगों की समस्याओं के समााान उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### 11 दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

**मेराल।** मेराल के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर में चल रहे 11 दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन शनिवार प्रातः दुगोला चैता मुकाबला के समापन के साथ संपन्न हो गया। शुक्रवार की रात में दुगोला चैता का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि, गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने फीता काटकर किया।

स्पीड न्यूज

## बंगाली वेलफेयर सोसाइटी का पुस्तक मेला शुरू

**धनबाद।** जिला परिषद मैदान में बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 10 दिवसीय बुक फेयर का 31 मार्च से 7 अप्रैल तक भव्य आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस बुक फेयर आयोजन में बहुत ही ध्यान आकर्षित करने वाला धनबाद के प्रख्यात हॉबी सेंटर द्वारा आर्ट एग्जीबिशन का शुभारंभ हुआ। झरिया विधायक का पूर्णिमा सिंह ,झारखंड मुक्ति मोर्चा कि केंद्रीय सदस्य एवं जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय, भाजपा नेता एवं वार्ड नंबर 27 के पूर्व पार्षद अंकेश राज, कर्नल जे.के. सिंह, हॉबी सेंटर के डायरेक्टर प्रख्यात आर्टिस्ट शिव शंकर धर, ने हॉबी सेंटर के स्टॉल में खुद शिव शंकर धर और उनके स्टूडेंट्स जोइता धर, सोहिनी धर, आदित्य संधू, डॉ. आशा रॉय, प्रिया चावड़ा, बबीता चावड़ा एवं हॉबी सेंटर के अन्य आर्टिस्ट के द्वारा बनाए शानदार पेंटिंग की प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर मौजूद थे।

## तेनुघाट जेल में लगा जागरूकता शिविर

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** एड्स की रोकथाम के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर तेनुघाट जेल में बंदियो को झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी के मास्टर ट्रेनर ममता देवी के द्वारा जागरुक किया गया । श्रीमती ममता देवी ने बंदियो को एड्स के बारे में जानकारी दी । एड्स के लक्षण के बारे में जानकारियां दी। मौके पर विजय कुमार, संजय कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## दिवंगत क्लर्क के परिजनों को मिली आर्थिक मदद

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के महासचिव सत्येंद्र कुमार सिन्हा की अगुवाई में अधिवक्ता लिपिक के दिवंगत सदस्य प्रसिद्ध कटरियार के परिवार को आर्थिक मदद दी गई स बताते चलें कि 24 मार्च को अधिवक्ता लिपिक संघ के वरीय सदस्य प्रसिद्ध कटरियार का देहांत हो गया था। जिनका दाह संस्कार तेनुघाट में किया गया। अधिवक्ता लिपिक संघ के महासचिव सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के द्वारा लिपिक संघ के सदस्यों को किसी भी तरह का बीमारी होने पर या मृत्यु होने पर उन्हें आर्थिक रूप से मदद किया जाता है। इसी में दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार के परिवार को आर्थिक मदद दिया गया। दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार एक बहुत ही हंसमुख इंसान थे। वह हमेशा सभी के दुख सुख में शरीक होते थे । उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रख कर भगवान से प्रार्थना की। मौके मौके पर दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार की पत्नी रामा देवीए पुत्र संतोष कटरियारए पुत्री बबली सिन्हाए बबीता सिन्हाए सरिता सिन्हाए लवली सिन्हा सहित पूरा परिवार मौजूद था। वही शांति शर्माए मंटू रामए पंकज सिंहए लालू यादव सहित लिपिक संघ के सदस्य गण मौजूद थे।

## गौशाला के पोकलेन ड्राइवर पंकज ने की आत्महत्या

**सिन्दरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र के सिंह बस्ती निवासी विजय सिंह के 27 वर्षीय पुत्र पोकलेन ड्राइवर पंकज सिंह ने घर में ही पंखे के हुक से लटक कर आत्म हत्या कर ली। परिजनों ने शनिवार की अहले सुबह पंकज को पंखे के हुक से लटकता हुआ पाया। इसकी सूचना गौशाला ओपी को दिया गया। गौशाला ओपी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर लटकते हुआ शव को नीचे उतारा। मृतक के पिता ने बताया कि पंकज पोकलेन का ड्राइवर था और रात में घर आकर खाना खाकर सो गया। सुबह में उसका शव पंखे से झूलता हुआ देखा गया। पंकज अविवाहित था और मृतक के पिता विजय सिंह भी गाडी चालक हैं। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। उन्होने कहा कि परिजन पंकज की आत्महत्या को लेकर कुछ भी बता पाने में असमर्थ हैं।

# दिहाड़ी मजदूरी करने गयी थी पत्नी संदिग्ध हालत में मिला पति का शव

### ग्रामीण जता रहे हत्या की आशंका, कुछ लोग बता रहे जंगली जानवर का हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बरई पंचायत के बरई गांव में शनिवार एक अप्रैल को घर पर दिहाड़ी मजदूर विजय महतो 45 वर्ष की लाश सदिंग्ध हालत में मिलीण घटना की सूचना मिलने के बाद पेंक.नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार दल.बल के साथ बरई पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दियाण सुमन कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया जंगली जानवर के हमले से यह हादसा लगता हैण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है।



### ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका

ग्रामीणों ने विजय महतो की हत्या की आशंका जतायी है। ग्रामीणों का कहना है कि शव के गर्दन पर जिस प्रकार के जख्म था और खून निकल रहा थाए इससे हत्या ही प्रतीत होता हैा कुछ लोगों का कहना है कि यह जंगली क्षेत्र हैण जंगली जानवर आते रहते हैं। संभावना है कि इस घटना को जंगली जानवरों ने अंजाम दिया हो।

### पत्नी गई थी काम करने बेटा गया था स्कूल

मृतक विजय महतो की पत्नी देवकी देवी सुबह घर का काम निपटाने के बाद काम करने के लिए चली गई। वहीं बड़ा बेटा पिंटू महतो मुर्गी फार्म में काम करता है और वहीं रहता हैण छोटा बेटा दीपक कुमार महतो स्कूल चला गयाण विजय महतो 31 मार्च को मेला देखने गया थाए देर रात लौटने की वजह से आंगन में ही सो गया। बेटा दीपक का स्कूल में टिफिन टाइम हुआ तो वह घर पहुंचा तो देखा कि उसके पिता सोये हुए हैण उसे जगाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं जागेण तब उसकी नजर गर्दन पर पड़ी जख़्म से बह रहे खून पर पड़ीा खून देखते ही वो जोर.जोर से रोने चिल्लाने लगा और बाहर निकलकर आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस के आने पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### सूचना पर पहुंचे सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि

घटना की सूचना पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, आजसू के संतोष कुमार महतो, टिकैत कुमार महतो, अजय कुमार मंडल, दीप्पू कुमार अग्रवाल, सीताराम महतो उर्फ बादल, जितेंद्र कुमार यादव, रामकुमार मंराडी, मुखिया बीके रवि, पुरन महतो सहित कई लोग पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधायाा थाना प्रभारी से जांचकर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं।

### घर में मचा कोहराम

मृतक दिहाड़ी मजदूर की दो मां चमनी देवी व बंधनी देवी हैण पत्नी देवकी देवी, दो बेटा पिन्टू महतो और दीपक कुमार महतो है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार की दहाड़े सुनकर गांव वालों का कलेजा भी पिघल गया। हरकिसी की आखें नम हो गई।

## बीजीएच में नवजात शिशुओं के चिकित्सा के लिए वेंटिलेटर उपलब्ध



**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के शिशु रोग विभाग में नवजात शिशुओं के बेहतर इलाज एवं क्रिटिकल केयर के लिए चार नियोनेटलध्पीडियाट्रिक वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका उद्घाटन सीएमओ डॉ बी बी करुणामय ने एडिशनल सीएमओ डॉ वर्षा घाणेकरए डॉ इंद्रनील चौधरीए डॉ आनंद कुमारए डॉ अजय कुमारए डॉ एम एम कुमारए अन्य वरीय चिकित्सक एवं नर्सिंग सिस्टर की उपस्थिति में किया। इससे उन नवजात शिशुओं एवं अन्य पीडियाट्रिक मरीजों के इलाज में मदद मिलेगी जिन्हें क्रिटिकल केयर और वेंटिलेटर सपोर्ट की जरुरत पड़ेगी।

## ओटीपी शेयर नहीं करने की सलाह

**बोकारो।** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन ने जिले के सभी बीएलओ को काल के माध्यम से बैंक खाते की जानकारी एवं ओटीपी किसी को नहीं देना की बात कहीं। कुछ बीएलओ द्वारा शिकायत की गई है कि मोबाइल पर जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीध्कर्मी बताकर पहले निर्वाचन संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी मांगते हैं उसके बाद बीएलओ से उनका आधारध्पैनध्खाता संख्याए एटीएम नंबर एवं ओटीपी की मांग कर उनके बचत बैंक खाते से राशि की निकासी कर लेते हैं। उन्होंने मामले में फर्जी कार्य कर रहे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए एसपी से अनुरोध किया है।

## डीएवी स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

**बोकारो।** सीबीएसई और डीएवी सीएई से प्रशिक्षित शिक्षकों ने तीन दिनों तक डीएवी के 6 विद्यालयों के शिक्षक.शिक्षिकाओं को लगभग 15 घंटे का प्रशिक्षण दिया। तीसरे दिन की कार्यशाला में सीबीएसई और डीएवी सीएई से प्रशिक्षित ब्रजेश कुमारए श्रीमती पुनीता पाठकए श्रीमती रियाए रंजन कुमारए श्रीमती नीलम झा ने क्रियाकलाप द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया। समापन समारोह में डीएवी सेक्टर 4 के प्राचार्य एवं क्लस्टर हेडए झारखंड जोन.जी ए के झा ने सेमिनार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के क्रियान्वयन पर बल देते हुए कक्षा कक्ष में सक्रियता के साथ लागू करने की बात कही।

# कुमारडुबी सड़क ओवर ब्रिज का उद्घाटन

### मंत्री चंपई सोरेन, सांसद, निरसा विधायक निरसा ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शनिवार को परिवहन विभाग तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माननीय मंत्री श्री चंपई सोरेन, माननीय सांसद धनबाद श्री पशुपतिनाथ सिंह, माननीय विधायक निरसा श्रीमती अपर्णा सेनगुप्ता ने कुमारधुबी और मुगमा स्टेशन के बीच किमी. 232/16-18 पर वर्तमान दोहरे लेन रोड अंडर ब्रिज नं. 20 (आरयूबी-20) के स्थान पर नवनिर्मित 826.5 मीटर (लगभग) लंबे रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का आज संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद माननीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से निर्मित ब्रिज आज जनता को समर्पित है। यह ब्रिज इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को आदर्श राज्य बनाने और राज्य की जनता को हर सुख सुविधा देने का संकल्प लिया है। इसलिए राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए और यहां के भूमि पुत्रों को न्याय प्रदान के लिए वे लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा यह आरओबी पुराने जी.टी. रोड (ग्रांड ट्रंक रोड), जिसे अब झारखंड सरकार द्वारा मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड (एमडीआर) के रूप में वगीर्कृत किया गया है, पर बनाया गया है। इसके निर्माण होने और चालू हो जाने से वाहनों एवं सड़क उपयोक्ताओं को जामरहित सुचारू आवागमन की सुविधा मिलेगी। अब इस रुट पर भारी वाहनों को चलाया जा सकता है। सफर के समय में भी कमी आएगी। इससे झारखंड के और खास तौर से इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि रोड ओवर ब्रिज बनने से बहुत बड़ी समस्या का निदान हुआ है।

### मौके पर थे मौजूद

उद्घाटन समारोह में माननीय मंत्री चंपई सोरेन, माननीय सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह, माननीय विधायक निरसा अपर्णा सेनगुप्ता, चिरकुंडा नगर परिषद के माननीय अध्यक्ष डब्लू बाउरी, मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल परमानंद शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित, गुरुद्वारा सिंह सभा कुमारधुबी के सदस्य, अन्य गणमान्य अतिथि तथा बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

## जय भारत सत्याग्रह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजन

**केंदुआ।** केंदुआ बजार स्थित सत्संग भवन में केंदुआ, करकेन्द नगर कांग्रेस कमिटी के नगर अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया।वही वक्तायो ने कहा कि हमारे नेता जो है।वह अपने लिय नही बल्कि देश हित के लिये कार्य कर रहे है। हमारे नेता राहुल गाँधी जो 35 सौ किलोमीटर पद यात्रा कर जो लोक प्रियता मिला है।जिससे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धबरा गये है।जब गांधी परिवार देश के लिए अपनी प्राणों की आहुति दे दिया।उनके परिवार के सांसद राहुल गांधी के साथ एक साजिश के तहद सदस्या रदद् करने व मकान खाली करने जैसा हथकंडा अपना रही है। जहाँ तक माननीय प्रधानमंत्री चुनाव के समय कहा था।देश मे मंहगाई कम होगी। प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा।मगर आज ऐसा नही है। बल्कि सब उल्टा किये है।

## पेज तीन का शेष

### झारखंड-बिहार समेत पूरे देश में....

आइएमडी के अनुसार, भारत में 1901 के बाद से 2023 में फरवरी में सबसे ज्यादा गर्मी रही। आइएमडी के अनुसार, दक्षिण अमेरिका के समीप प्रशांत महासागर में पानी के ठंडा होने यानी कि अल नीनो की परिस्थितियां कमजोर हो गयी है। महापात्रा ने कहा कि पूवार्नुमान से संकेत मिलता है कि अप्रैल से जून तक अल नीनो परिस्थितियां हो सकती है। अल नीनो में जुलाई-सितंबर तक बदलाव हो सकता है और बारिश के जरिये अल नीनो का प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

### मेरी कब्र खोदने में देश ही नहीं विदेश से भी.....

**गरीबों को उनके हाल पर छोड़ दिया था :** पीएम मोदी ने कहा कि आज उनकी सरकार निरंतर जनता की संतुष्टि में लगी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकारों ने कांग्रेस के एक ही परिवार को देश का प्रथम परिवार मान लिया और देश के गरीब परिवारों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। आज इक्कीसवीं सदी का भारत अब नये सोच और नये अप्रोच के साथ काम कर रहा है। पहले की सरकारें तुष्टिकरण में ही इतना व्यस्त रहीं कि देशवासियों के संतुष्टिकरण पर उनका ध्यान ही नहीं गया। वे वोटों के तुष्टीकरण में जुटे हुए थे और हम देशवासियों के संतुष्टीकरण में समर्पित हैं। उन्होंने इस समय अपनी सरकार पर हमलावर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, आज एक अप्रैल के इस कार्यक्रम पर हमारे कांग्रेस के मित्र यह बयान जरुर देंगे कि ये मोदी तो अप्रैल फूल बना रहा है।

### राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में.....

शनिवार को 201 लोगों का कोरोना जांच किया गया। जिसमें 4 लोगों का कोविड-19 पॉजिटिव मिला है। एमसीएच खूंटी में शनिवार को मॉक ड्रिल किया गया। सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों से कोरोना मरीजों के मिलने की सूचना आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए रिहर्सल की जा रही है, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटा जा सके।

### पांच वर्षों में पहली बार सीसीएल ने....

इस मौके पर निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना), बी साईराम, निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त ), पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ पंकज कुमार उपस्थित थे।

**मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के रख रखाव पर बढ़ेगी लागत :** पीएम प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के रख-रखाव पर अब लागत बढ़ेगी। इसके रिनोवेशन, रिपेयरिंग का सालाना बजट 60 करोड़ का होगा। इस संदर्भ में जेएसएसपीएस की पिछले दिनों हुई गवर्निंग काउंसिल की बैठक में नीतिगत निर्णय ले लिया गया है। अब सीएमपीडीआई इसका बजट बनाएगा। अनुमान यही है कि रिनोवेशन और अन्य कार्यों का बजट 50-60 करोड़ के ही करीब आएगा। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के एक सवाल पर उन्होंने बताया कि यह अकेले सीसीएल के बस का नहीं। राज्य सरकार के सहयोग के बाद ही इस पर कुछ काम होगा।

**भूमि अधिग्रहण के 161 लाभर्थियों को दिया गया रोजगार :** पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने भूमि अधिग्रहण के क्रम में 161 लाभार्थियों को स्थायी रोजगार मूहैया कराया है। इसी तरह सीसीएल ने कार्बन उर्त्सजन कम करने के दिशा में कार्य करते हुये पिपरवार क्षेत्र में लगभग 143 करोड़ के लागत से 20 मेगावाट सौर उर्जा प्लांट स्थापना करने जा रहा है। कमांड क्षेत्रों में पिछले वर्ष 178.85 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 75 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया है।

**ऐतिहासिक कोल इंडिया मैराथन का आयोजन :** विगत वित्तीय वर्ष सीसीएल के लिए अविस्मरणीय साल रहा है। इस साल कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में सीसीएल द्वारा ऐतिहासिक कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के लगभग 6000 धावकों ने हिस्सा लेकर इस मैराथन को सफल बनाया। सीसीएल द्वारा समाज के कल्याण और समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल द्वारा लगभग 65 करोड़ की लागत से रांची विश्वविद्यालय परिसर में पांच हजार सिटों वाली एक सेन्ट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जल्द ही किया जायेगा।

### राज्य के छह नक्सल प्रभावित जिलों को मिले....

झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम हैं।

## राहुल की सजा के साथ भाजपा का जाना भी तय

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में जन जन के नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी जी की एक साजिश के तहत संसद सदस्यता रद्द करने और लोकतंत्र की हत्या के विरोध में पत्रकार वार्ता झरिया प्रेस क्लब में की गई। इस पत्रकार वार्ता में जिला बीस सूत्री सदस्य लक्ष्मण तिवारी एवम प्रसाद निधि जिला कांग्रेस कमिटी से प्रयेवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रेस को संबोधित करते हुए लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी जी के सिद्धांतो वाली पार्टी है और गांधी जी ने कहा था की पहले वो आप पर ध्यान नहीं देंगे फिर वो आप पर हंसेंगे फिर वो आप से लड़ेंगे तब आप जीत जायेंगे। वही इतिहास आज राहुल गांधी जी के साथ दुहराया जा रहा है। रत्नेश यादव ने कहां की मोदी जी की नीतियों से आज देश का हर वर्ग परेशान है युवाओं के पास नौकरी नहीं है महिलाओं की रसोई के सामान मांगे हो गए व्यापारियों के पास धंधा नहीं है और व्यापारिक तो कुंजी भी खोज रहे हैं कैसे रातों-रात दुनिया का अदानी जैसा सबसे अमीर व्यक्ति बना जाए आखिर देश की मोदी सरकार और उनके तमाम सांसद अदानी के बचाने में अपना सब कुछ निछावर कर रही है यह समझ से परे है। कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री के सदस्य लक्ष्मण तिवारी प्रसाद, रत्नेश यादव झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गणेश बहादुर सिंह मौजूद थे।

## बीएसएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से मार्च में सेवानिवृत होने वाले कुल 9 अधिशासी तथा 56 अनधिशासी कर्मियों के लिए एचआरडी सेंटर में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी ;प्रोजेक्टद्ध चितरंजन महापात्राए सीजीएम हर्ष निगम तथा जीएम सोनी सिंह सहित कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। श्री महापात्रा ने कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया। ईडी स्तर के अधिकारियों हेतु डीआई के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में ईडी के के ठाकुर को विदाई दी गई। मौके पर निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश एवं बीएसएल के ईडी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाना नादिरशाही रवैया: अजय

### इंटक कार्यालय सिंदरी में प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** काँग्रेस सिन्दरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने इंटक कार्यालय सिन्दरी में प्रेसवार्ता आयोजित कर राहुल गाँधी की संसद सदस्यता समाप्त करने व आवंटित बंगला को खाली कराने के सत्ता के निर्णय को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताया। उन्होंने निर्णय को नादिरशाही रवैया बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भर्त्सना किया। संक्षिप्त वार्ता में सिन्दरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने अदाणी प्रकरण पर जेपीसी का गठन करने व लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका को पक्षपात पूर्ण बतलाया। इनकी भी आलोचना किया और राहुल गाँधी प्रकरण पर देश में चल रहे सत्ता के खेल को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अक्षयवर प्रसाद, नरेंद्र कुमार शर्मा, कमलदेव सिंह, वी पी सिंह व सत्यदेव सिंह थे।

## जिप अध्यक्ष ने किया कतरी नदी का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह डॉ मधुबाला के आग्रह पर कतरी नदी का औचक निरीक्षण करने पहुंची। वहां उन्होंने कहा कि कतरी नदी का अस्तित्व आज जो खतरे में पड़ा है उसके जिम्मेदार हम सभी जनमानस हैं। सभी जनमानस से उन्होंने अनुरोध किया है कि हर घर का व्यक्ति जागरूक हो और अपनी कतरी नदी को साफ रखने में मदद करें क्योंकि यह नदी सिर्फ नदी नहीं है हमारे कतरास की पहचान है और भविष्य में होने वाले जल संकट से हम मनुष्य को बचाकर रखने वाली है तो आइए हम सब मिलकर इस नदी को बचाने का एक संकल्प लें। साथ ही साथ उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि जिला परिषद के तरफ से जहां तक हो सकेगा वह अपना संपूर्ण सहयोग करेंगी। डॉ मधुबाला ने कहा है कि हर हाथ और हर आवाज हम सब मिलकर उठाएंगे और अपने कतरास की पहचान अपनी कतरी मां को बचाएंगे। मौके पर कतरी नदी बचाओ अभियान के अध्यक्ष श्री उमाकांत तिवारी, संयोजक श्री उमेश विश्वकर्मा, शैलेंद्र स्वर्णकार, पंकज स्वर्णकार, अमर सेन, विक्की सिंह मौजूद थे।

# भाटडीह माइंस से धड़ल्ले से जारी है कोयले की तस्करी

### बीसीसीएल को प्रतिमाह हो रही करोड़ों के राजस्व की हानि

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/महुदा।** राज्य में अवैध उत्खनन और अवैध ट्रांसपोर्टिंग को रोकने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रत्येक जिला में उपायुक्त एवं एसएसपी के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया है । लेकिन टास्क फोर्स के गठन के बाद भी जिला में राज्य की खनिज संपदा की लूट जारी है। बताते चलें कि धनबाद जिला के बाघमारा अनुमंडल स्थित *भाटडीह ओपी में इन दिनों अवैध माइंस खोलकर कोल माफियाओं के द्वारा बीसीसीएल के अधिकारियों सीआईसीएफ एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से राज्य की संपत्ति की लूट की जा रही है। महुदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाटडीह ओपी अंतर्गत नागदा मधुडीह कुंजी भाटडीह तेतुलिया और मुरलीडीह के बंद पड़े खदानों के मुहांनो को कोयला तस्कर जेसीबी मशीन एवं डायनामाइट के जरिए हैवी ब्लास्टिंग कर खोल दिए हैं। उक्त स्थानों से अवैध कोयला का अवैध कारोबार फिर से शुरू हो गया है। *जबकि हाल के दिनों में बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान कई बड़ी घटनाएं घट चुकी है। कई लोग असमय काल के गाल में समा गए हैं।* इसके बावजूद क्षेत्र के कोयला तस्कर अपनी सीनाजोरी से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रत्येक दिन अवैध माइंस में बाहर से बुलाए गए सैकड़ों मजदूरों को उतारा जाता है और कोयला को उत्खनन करा बोरियों में भर ट्रैक्टर के माध्यम से ऊपर पहुंचाया जाता है ।

### डिस्को पेपर बना बेचा जाता है अवैध कोयला

जिले में अवैध कोयला कारोबार का फलना फुलना कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस बाघमारा अनुमंडल पुलिस बीसीसीएल सीआईएसएफ खनन विभाग एवं जिला प्रशासन पर कई सवाल खड़ा करता है।

### छापे में 10 टन कोयला हुआ था बरामद

बताते चलें कि पी सिंह नामक अवैध कोयला कारोबारी जिस का कारोबार बरवाअड्डा में भी चलता था , जहां खनन विभाग ने छापेमारी कर लगभग 10 ट्रक कोयला बरामद किया था। जिसके बाद तोपचांची थाना क्षेत्र में भी अवैध डिपो शुरू की गई थी, राजगंज थाना क्षेत्र में भी अवैध डिपो शुरू की गई , अब पी सिंह नजर भाटडीह के माइंस पर है। सूत्रों की माने तो पी सिंह के बहुत ऊपर के लेवल तक है।

स्पीड न्यूज

## जेडीएस के पूर्व विधायक रामास्वामी भाजपा में

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को जनता दल (सेक्युलर) को एक और झटका लगा है। हासन जिले के अरकलगुडा से चार बार विधायक रहे एटी रामास्वामी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। रामास्वामी ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद रामास्वामी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। रामास्वामी ने विधानसभा की सदस्यता से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था।

## गुजरात कांग्रेस 300 सम्मेलन करेगी

अहमदाबाद। गुजरात कांग्रेस इस महीने राज्य भर में 300 से अधिक सम्मेलनों का आयोजन करेगी और भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शनिवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी को शिरकत के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी की योजना 251 तालुका, 33 जिलों और आठ शहरी केंद्रों में दो चरणों में छह से 12 अप्रैल और 15 से 25 अप्रैल के बीच सम्मेलन आयोजित करने की है।

## भूटान के राजा वांगचुक कल आयेंगे भारत

**नयी दिल्ली।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को तीन दिवसीय भारत यात्रा पर नयी दिल्ली आएंगे और इस दौरान वह दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे विशेष तौर पर आथिक एवं विकास सहयोग के बारे में। भूटान के राजा भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे।

## पेशावर में सिख कारोबारी की हत्या

पेशावर। पाकिस्तान में पेशावर के गढ़ी अता मोहम्मद इलाके में एक अज्ञात हमलावर ने सिख दुकानदार की हत्या कर दी, पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने दयाल सिंह (35) पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसपी सदर मलिक हबीब ने डॉन को बताया, हमलावर ने सिंह की दुकान के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी की और पिस्टल से दो गोलियां चलाईं। सिंह के सिर और सीने में गोलियां लगीं।

## व्हाट्सएप ने 45 लाख खातों पर लगाया बैन

नयी दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाले ऐप व्हाट्सएप ने फरवरी में 45 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगाया, जो उससे पिछले महीने में प्रतिबंधित खातों की संख्या से काफी अधिक है। व्हाट्सएप ने अपनी मासिक रिपोर्ट यह जानकारी दी है। व्हाट्सएप ने जनवरी में 29 लाख, दिसंबर में 36 लाख और नवंबर में 37 लाख खातों पर प्रतिबंध लगाया था। ऐप के दुरुपयोग को रोकने के लिए इन खातों पर पाबंदी लगाई गई।

## भारत में ट्विटर ने 6.8 लाख से अधिक खातों पर लगायी पाबंदी

नयी दिल्ली। एलन मस्क के अधिग्रहण के बाद कड़े फैसले लेते हुए ट्विटर ने 26 जनवरी से 25 फरवरी के बीच भारत में बाल यौन शोषण और गैर-सहमति वाली नग्नता को बढ़ावा देने वाले रिकॉर्ड 682,420 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। मस्क के तहत मंथन के दौर से गुजर रहे माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,548 खातों को भी बंद कर दिया। ट्विटर ने कहा कि शिकायत निवारण तंत्र से भारत में उपयोगकर्ताओं से सिर्फ 73 शिकायतें मिलीं।

# आदिवासी रानी दुर्गावती से सीखें राष्ट्रधर्म : भागवत

एजेंसी

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आदिवासी रानी दुर्गावती की वीरता का महिमामंडन करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की रक्षा एवं सम्मान को सर्वोपरि रखा और कितने ही बार विदेशी आक्रांताओं को नाकों चने चबा दिए।

उन्होंने कहा कि हमें रानी दुर्गावती के जीवन से सीख लेनी चाहिए और व्यक्तिगत छोटे स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए। भागवत ने सतना जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र मझगवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के महर्षि वाल्मीकि परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित लोगों को



संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का शौर्य एवं पराक्रम प्रसिद्ध है। कितने ही बार विदेशी आक्रांताओं को उन्होंने नाकों

**रानी ने कई बार विदेशी आक्रांताओं को नाकों चने चबवाया : आरएसएस**



चने चबा दिए। घर के अंदर भेदिया नहीं होता तो वह कभी हारती नहीं। उनका स्मरण करते समय हम सबको यह सबक सीखनी चाहिए कि अपने छोटे स्वार्थों के कारण देश हित को धक्का लगाने की प्रवृत्ति हम लोगों में कभी न पनपे। इसकी हमको चिंता करनी पड़ेगी।

भागवत ने कहा कि रानी दुर्गावती कभी भी दूसरों की वीरता के कारण नहीं हारी। उनके साथ विश्वासघात हुआ। किसके द्वारा हुआ? अपने लोगों द्वारा ही हुआ। उन्होंने कहा कि जो लोग 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा थे, उन्होंने रानी दुर्गावती के साहस और सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा ली। रानी दुर्गावती 1550 से 1564 तक तत्कालीन गोंडवाना साम्राज्य की शासक रही। उन्हें मुगलों के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा करने के लिए याद किया जाता है। अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए उन्हें युद्ध के मैदान में मुगलों से लड़ते हुए चोटें आईं। उसे युद्ध के मैदान को छोड़ने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और एक खंजर निकाला और 24 जून, 1564 को मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में खुद को मार डाला। रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों से जुड़ी अनेक हृदयस्पर्शी बातों को उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के विषय में उनकी शौर्य गाथा और उनके पराक्रम से सभी परिचित हैं। दीनदयाल शोध संस्थान के इस परिसर में उनकी प्रतिमा लगाने से उनकी छवि जनमानस में निरंतर उभरती रहेगी और लोग उनकी सद्प्रेरणा से सदैव प्रेरित होते रहेंगे। उन्होंने रानी दुर्गावती के कौशल को बताते हुए कहा कि वह प्रजाप्रिय एवं प्रजा की हितैषी तथा न्याय पालक थीं। उन्होंने अपनी प्रजा के कल्याण एवं प्रजा के हित में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर भागवत ने महर्षि वाल्मीकि परिसर में जनजातीय गौरव एवं पोषक अनाजों पर लगाई गई आकर्षक प्रदर्शनी को भी देखा।

# वंदे भारत ट्रेन देश के सामर्थ्य और विकास का प्रतीक : मोदी

## प्रधानमंत्री ने भोपाल में 11वीं ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

एजेंसी

**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने भोपाल में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा है कि यह ट्रेन भारत के विकास का प्रतीक है। पीएम ने शनिवार को देश की 11वीं वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत की है। यह वंदे भारत ट्रेन भोपाल से दिल्ली के बीच चलेगी।

इस दौरान ट्रेन के अंदर बैठे लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने ने कहा कि पहले रेलवे में सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता था, लोग इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने शिकायत करना ही बंद कर दिया था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। इस व्यवस्था का सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को मिला है। उन्होंने कहा देश में विकसित बंदेभारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को यह हमारे कौशल, सामर्थ्य और हमारे आत्मविश्वास का प्रतीक है।



मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जब यह कार्यक्रम 1 अप्रैल को रखा जा रहा था तो उन्होंने कहा था कि अब कांग्रेस के नेता कहेंगे कि मोदी 1 तारीख को अप्रैल फूल बनायेंगे। पहले की सरकारों को आजादी के बाद उन्हें बना-बनाया रेलवे नेटवर्क मिला था, अगर तब की सरकारें चाहतीं तो बहुत तेजी से रेलवे को आधुनिक बना सकती थीं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए रेलवे के विकास को ही बलि चढ़ा दिया गया। हाल तो यह था कि आजादी के दशकों बाद भी हमारे नॉर्थ-ईस्ट (पूर्वोत्तर ) के राज्य रेलवे से नहीं जुड़े थे। पीएम ने कहा वर्ष 2014 में जब जनता ने उन्हें देश की सेवा का मौका दिया, तो उन्होंने तय किया कि अब ऐसा नहीं होगा, रेलवे का कायाकल्प होकर रहेगा। बीते नौ वर्षों में हमारा यह निरंतर प्रयास रहा है कि भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ रेल नेटवर्क कैसे बने। इसका परिणाम है कि इस आधुनिक भारत में नयी व्यवस्थाएं बन रही हैं, नयी परंपराएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम इसी का एक उत्तम उदाहरण है। यह आयोजन जिस आधुनिक और भव्य रानी कमलापित स्टेशन पर हो रहा है, उसका लोकार्पण करने का सौभाग्य भी आप सबने मुझे दिया था। आज रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है।

**6,000 स्टेशनों पर वाई-फाई :** श्री मोदी ने कहा कि आज देश के 6,000 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा दी जा रही है। देश के 900 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाने का काम पूरा हो चुका है। पहले सांसद चिट्ठी लिखते थे कि ट्रेन इस स्टेशन पर रूकने की व्यवस्था हो, यहां रोकी जाए, वहां रोकी जाए...यही आता था। आज मुझे गर्व है कि जब सांसद चिट्ठी लिखते हैं और मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत ट्रेन जल्दी से जल्दी चालू हो।

उन्होंने कहा कि आज मुझे यहीं से दिल्ली के लिए भारत के आधुनिकतम वंदे भारत ट्रेन को रवाना करने का अवसर दिया है। रेलवे के इतिहास में कभी बहुत कम ऐसा हुआ होगा कि एक ही स्टेशन पर इतने कम अंतराल में किसी प्रधानमंत्री का दोबारा आना हुआ हो। श्री मोदी ने पिछले दिनों इंदौर में मंदिर की छत गिरने की घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की ओर घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की।

## 2023 में कोयला उत्पादन में 98 करोड़ 22.1 लाख टन की ऐतिहासिक वृद्धि : प्रह्लाद जोशी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि भारत ने वित्तवर्ष 2022-23 में अपने कोयला उत्पादन में 98 करोड़ 22.1 लाख टन की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। मंत्री ने कहा कि देश में कोयले का 98.2 करोड़ टन का कुल उत्पादन, वित्तवर्ष 2021-22 में उत्पादित 77 करोड़ 82.1 लाख टन से 14.65 प्रतिशत अधिक है।

जोशी ने कहा कि कोयला क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं रिकॉर्ड वृद्धि के लिए सभी कोयला योद्धाओं और अंशधारकों को बधाई देता हूं। कड़े लक्ष्यों के बावजूद, कोल इंडिया लिमिटेड, एससीसीएल, निजी एवं वाणिज्यिक खानों ने वित्तवर्ष 2023 में 98.2 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2023 के अपने वित्तीय लक्ष्य को पार कर जबरदस्त काम किया है और 70 करोड़ 32 लाख टन कोयले का उत्पादन किया है, जो 2021-22 में 62 करोड़ 26.3 लाख टन से 12.94 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने एक साल पहले के छह करोड़ 50.2 लाख टन के मुकाबले इस बार छह करोड़ 71.4 लाख टन कोयले का उत्पादन किया, जिसमें 3.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। निजी और वाणिज्यिक खान उत्पादकों ने पिछले वित्तीय वर्ष में नौ करोड़ 5.6 लाख टन से 34.59 प्रतिशत अधिक 12 करोड़ 18.8 लाख टन कोयले का उत्पादन किया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास में कोयला क्षेत्र का योगदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के उत्थान को शक्ति दे रहा है और हम देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करना जारी रखेंगे।

## वाणिज्य की खबरें

### मार्च में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़




**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपये हो गया जो अब तक का दूसरा सर्वाधिक कर संग्रह है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मार्च, 2023 के जीएसटी संग्रह आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने में अब तक का सर्वाधिक जीएसटी रिटर्न भी जमा किया गया। इसके पहले फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था जबकि जनवरी में 1.57 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ था। जीएसटी का सर्वाधिक संग्रह अप्रैल, 2022 में 1.68 लाख करोड़ रुपये का हुआ था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च, 2023 में कुल जीएसटी संग्रह 1,60,122 करोड़ रुपये रहा है। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 29,546 करोड़ रुपये है जबकि राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 37,314 करोड़ रुपये है। वहीं एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) के मद में 82,907 करोड़ रुपये इकट्ठा हुए हैं। इसके साथ 10,355 करोड़ रुपये का उपकर भी शामिल है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान जीएसटी का कुल संग्रह 18 .10 लाख करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। समाप्त वित्त वर्ष में जीएसटी का औसत मासिक संग्रह 1.51 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस वित्त वर्ष में चार बार मासिक कर संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

### टाटा मोटर्स की बिक्री 3 % बढ़ी

**नयी दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की मार्च में घरेलू बाजार में थोक बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 89,351 इकाई हो गई। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में बिकी आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मार्च, 2022 में उसने 86,718 इकाइयों की बिक्री की थी। टाटा मोटर्स के मुताबिक, पिछले महीने उसने घरेलू बाजार में 44,044 यात्री वाहनों की बिक्री की जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 42,293 इकाई का था। मार्च में उसकी वाणिज्यिक वाहन बिक्री एक साल पहले के 47,050 वाहनों से मामूली रूप से गिरकर 46,823 वाहन पर आ गई। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी की कुल घरेलू बिक्री 9,31,957 इकाई की रही जो वित्त वर्ष 2021-22 के 6,92,554 इकाई की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री 3,70,372 इकाई से 45 प्रतिशत बढ़कर 5,38,640 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में यात्री वाहनों की बिक्री का नया रिकॉर्ड बना है। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण लंबित मांगों के आने, नए मॉडल पेश किए जाने और सेमीकंडक्टर की स्थिति सुधरने से इस तेजी को बल मिला।

### टोयोटा की बिक्री में नौ प्रतिशत वृद्धि

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत वृद्धि के साथ मार्च में 18,670 इकाई हो गई।कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मार्च, 2022 में घरेलू बाजार में 17,131 वाहनों की बिक्री हुई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि समाप्त वित्त वर्ष में उसकी थोक बिक्री 41 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,74,015 इकाई रही जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में उसने 1,23,770 इकाइयों की बिक्री की थी। टीकेएम के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं रणनीतिक विपणन) अतुल सूद ने कहा कि हम सकारात्मक स्थिति में इस वित्त वर्ष का समापन करते हुए बहुत खुश हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में भी यही गति और वृद्धि की उम्मीद करते हैं।

# भारत को 15 मूर्तियां वापस करेगा अमेरिका का प्रतिष्ठित संग्रहालय

**कुख्यात डीलर सुभाष कपूर ने बेची थीं सभी मूर्तियां**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका का प्रतिष्ठित मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा। उसने यह कदम तब उठाया है, जब उसे पता चला है कि ये मूर्तियां भारत से गैरकानूनी तरीके से अमेरिका लाकर बेची गई थीं। संग्रहालय ने कहा कि वह 15 मूर्तियां भारत सरकार को लौटाएगा। इनमें पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 11वीं ईसवी की मूर्तियां शामिल हैं, जो टेराकोटा, तांबा और पत्थर से बनी हैं। ये सभी मूर्तियां कुख्यात डीलर सुभाष कपूर ने बेची थीं, जो अभी भारत में जेल की सजा काट रहा है। बयान में कहा गया है कि संग्रहालय पुरातात्विक कला वस्तुओं को जिम्मेदार तरीके से अधिग्रहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संग्रहालय संदिग्ध डीलरों से मिली प्राचीन वस्तुओं के इतिहास की सक्रियता से समीक्षा कर रहा है। वह भारत सरकार के साथ अपने दीर्घकालीन संबंधों को काफी अहमियत देता है और इस मामले को सुलझाना चाहता है। संग्रहालय ने 2015 में कपूर से खरीदी गई वस्तुओं के बारे में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी से संपर्क किया था और उसे मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा कपूर के खिलाफ की गई आपराधिक जांच के परिणामस्वरूप आज इस मामले में कार्रवाई करके खुशी हो रही है।

## अभियोग की मंजूरी के बाद 24 घंटे में ट्रंप ने 40 लाख डॉलर जुटाए चंदा



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 में एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दिए जाने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने 24 घंटे में 40 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई। ट्रंप की चुनाव प्रचार मुहिम के लिए इसमें से 25 प्रतिशत से अधिक राशि उन लोगों ने उपलब्ध कराई है, जिन्होंने उन्हें पहली बार चंदा दिया है। ट्रंप अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल दावेदारों में सबसे आगे हैं।

# नवजोत सिद्धू जेल से रिहा


**पटियाला।** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने शनिवार को पटियाला केंद्रीय कारागार से बाहर आते ही केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए षड़यंत्र रचा जा रहा है। सिद्धू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अखबारी मुख्यमंत्री कहा और कानून-व्यवस्था तथा ऋण के मुद्दे पर उनकी सरकार की आलोचना की। वर्ष 1988 के रोड रेज मौत के मामले में करीब 10 महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को 65 वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई 2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा



एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। सिद्धू के वकील ने कहा था कि जेल में उनके अच्छे आचरण के कारण उन्हें समय से पहले रिहा किया जा रहा है। सिद्धू ने सुबह से जेल के बाहर प्रतीक्षा कर रहे पत्रकारों से कहा कि देश में जब भी तानाशाही आई तब एक क्रांति आई और आज मैं कहता हूं कि क्रांति का नाम राहुल गांधी है।

# ड्रेसिंग सेंस को ले उर्फी ने माफी मांगी

मुंबई। इंटरनेट सनसनी उर्फी जावेद ने अपने ड्रेसिंग सेंस के लिए सभी से माफी मांगी है और कहा है कि वह अब से बदली हुई उर्फी होंगी।'बिग बॉस ओटीटी' में अपनी उपस्थिति के लिए प्रसिद्ध और कपड़ों की अपनी पसंद के लिए बदनाम उर्फी की बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने उनके स्टाइल स्टेटमेंट के लिए प्रशंसा की थी।हालांकि, अभिनेत्री अपने असामान्य फैशन सेंस के कारण अक्सर विवादों में रहती हैं। जैसे हाल ही में उन्हें ग्रीन प्रैक्टिस नेट से बने को-ऑर्ड सेट पहने देखा गया और इसके साथ ही उन्होंने बालों में गजरा भी पहना था। अगर एक समय वह सबका ध्यान खींचती हैं तो कई लोग उनके बोल्ड अंदाज पर सवाल भी उठाते हैं। उन सभी लोगों से माफी मांगते हुए, जिन्हें उसके पहनावे से समस्या है, उर्फी ने कहा: मैं जो पहनती हूं, उसे पहनकर सभी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगती हूं। अब से आप लोग एक बदले हुए उर्फी को देखेंगे। बदले हुए कपड़े। माफी। उनके ट्वीट पर कई उर्फी फॉलोअर्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, पहले डीपी बदलो। एक अन्य ने कहा: क्या..तुम ठीक तो हो? और किसी और ने ट्वीट किया: क्यों? खैर, उर्फी आगे क्या करने की योजना बना रही है यह जल्द ही स्पष्ट हो जाएगा लेकिन उसने अपने प्रशंसकों को अनुमान लगाने पर छोड़ दिया है। काम के मोर्चे पर, उर्फी हाल ही में ऋत्विक धंजानी के शो 'डेटबाजी' में नजर आई। उन्हें 'मेरी दुर्गा', 'बेपनाह', 'पंच बीट 2', 'चंद्र नंदिनी', 'सात फेरों की हेरा फेरी', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'कसौटी जिंदगी की' सहित कई टीवी शो में भी देखा गया था। उन्होंने डेटिंग-आधारित रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला एक्स4' में भी भाग लिया था।



बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# नियोजन नीति के खिलाफ संथाल परगना का बंद रहा असरदार











## इमरजेंसी सेवा छोड़ सभी वाहनो का परिचालन रहा बाधित, 9 घंटा रहा रहा जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर सिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति द्वारा 1 अप्रैल को संथाल परगना प्रमंडल बंद सफल रहा।बंद का दुमका सहित पूरे प्रमंडल में बंद का व्यापक असर देखा गया है। दुमका की सड़कों पर सुबह से ही काफी संख्या में छात्र उतर कर आवागमन को पूरी तरह बाधित किए हुए हैं। विभिन्न चौक चौराहों पर छात्रों की टोली सड़कों पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं और खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति लागू करने की मांग कर रहे है। शहर के बाजार, सब्जी मार्केट और बस स्टैंड पूरी तरह बंद रहा। छात्रों का आरोप है कि राज्य बने 22 वर्ष से ज्यादा बीत गए। लेकिन अभी तक किसी भी सरकार ने स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति लागू नहीं की है। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। छात्र पढ़ाई करते-करते बूढ़े हो जा रहे हैं लेकिन उन्हें नौकरियां नहीं मिल रही है। यह सामाजिक ताना छात्रों को सुनना पड़ रहा है। आने वाली पीढ़ी को भी यह ताना नहीं सुनना पड़े इसलिए छात्र सड़कों पर है और सरकार को चेतावनी भी दे रहे। इस अवसर पर छात्र नेता



श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र काला बिल्ला दिखा विरोध जताया जायेगा।इसके बाद भी नियोजन नीति रद्द नहीं होने और 1932 खातियान आधारित नियोजन नीति नहीं लागू होने सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी करेंगे। एसडीएम कौशल कुमार ने बताया कि बंद से इमरजेंसी सेवा दूर रही। एम्बुलेंस



आदि वाहनों को रास्ता दिया जा रहा है। [4/1, 18:50] नीरज सिंहः छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति को लागू करने को लेकर संथाल परगना बंद सब बंद करने में सफल रहा छात्र नेता श्याम देव के बताया कि सरकार के गलत नियोजन नीति 60-40 का छात्रों का विरोध प्रदर्शन किया गया। श्यामदेव ने कहा झारखंड सरकार की दोहरी नीति नहीं चलेगी और बाहरियो को यहां से भागना होगा। बिहार में बिहारी वाली नीति छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ वाली नीति तो झारखंड में झारखंड वाली नीति झारखंड के जो मूल निवासी है स्थानीय नीति देने का काम करें हेमंत सरकार। श्यामदेव हेम्ब्रम ने चेंबर ऑफ कॉमर्स बस ओनर एसोसिएशन मोटर मजदूर एसोसिएशन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं तमाम समाजिक संगठन एवं तमाम लोगो ने सहयोग किया। जिसके लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, अदिति यादव,भीमसेंट सोरेन, विजय सिंह हांसदा, विवेक हांसदा, बाबूराम सोरेन, क्लोनिल किस्कू, कॉल हेम्ब्रम, विलियम टूडू, रविंद्र मरांडी, एलिस हांसदा, थॉमस मुर्मू,बादल किस्कू, मंगल सोरेन, कैटरीना सोरेन, सुगनी सोरेन,प्रेमलता सुभाष टुडू, सुखदेव बेसरा,मार्टिन टूडू, जिओधन हांसदा, सुभाषटेन किस्कू, सुखदेव बेसरा, शंभू कुमार रजक, शेखर कुमार दास, विवेक रावत, सुरेंद्र तुरी, अरुण कुमार, नवीन कुमार, सागर कुमार, महेश नंद, आशीष कुमार यादव, लखना,रामदास,परवेज अंसारी, इमरान अंसारी, शरीफ अंसारी, सलाम शेख, हादिम अंसारी, रूपेश यादव, सचिन यादव, सौरव यादव, अमित यादव, गौतम यादव आदि मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सरहुल पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के जनजाति समुदाय ने परंपरानुसार हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाया। इस मौके पर आदिवासियों ने सामूहिक नृत्य कर आदिवासी परम्परा का जीवंत उदाहरण पेश किया। बंदगांव प्रखंड के लुम्बई के सरना स्थल पर प्रकृति पूजा के बाद सरहुल की शोभायात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा ढोल नगाडा के साथ शुरू किया गया। शोभा यात्रा रांची-चाईबासा मुख्य पथ होते हुए बिरसा हाईस्कूल मैदान पहुंची। यहां पाहन द्वारा पूजा-अर्चना की गई। घर-परिवार में शांति, मवेशियों के निरोग रहने व आपसी भाईचारे की कामना के साथ सरहुल के अवसर पर सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना की गई। मौके पर कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सन्नी उरांव, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर विजय सिंह गागराई, विवेक सिंह विक्की, बीस सूत्री अध्यक्ष



दोराय जोंको मुख्य रूप से शामिल हुए। डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ बहुत प्यारा त्योहार है। यह त्योहार सौ वर्षों से जनजातियों द्वारा मनाया जा रहा है और आज भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग लाखों वर्षों से निवास करते आ रहे हैं। सरहुल पर्व मानव प्रकृति का पराम्परागत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते आ रहे हैं। सरहुल के अवसर पर पूरा बंदगांव क्षेत्र सरहुल के झण्डे से पट गया था। सरहुल के मौके पर वृद्ध, जवान, बच्चे व महिलाएं सभी मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। सरहुल के मौके पर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर लोगों ने बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से चरण मुंडरी, राजेंद्र मछुआ,लाल सिंह भूमिज, करमू हेम्ब्रम, अविनाश हेम्ब्रम, दुर्गा मुंडू, नंदराम हेम्ब्रम, मेरी मुंडू, आश्रिता मुंडरी, शंकर नायक, अरूप चटर्जी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिहार पुलिस में 75 हजार से भी ज्यादा पदों पर होगी सीधी भर्ती

**पटना।** अगर आप भी बिहार पुलिस में नौकरी करने की इच्छा रखते हैं तो कमर कस लीजिए, क्योंकि बिहार पुलिस में 75 हजार से भी ज्यादा पदों पर बहाली होने वाली है। कुल 75 हजार 543 नए पदों में 68 हजार 360 पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। बाकी के 7 हजार 183 पद प्रोन्नति से भरे जाएंगे। नियुक्ति की प्रक्रिया जून से चरणवार तरीके से शुरू होने की संभावना है। बिहार पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि जिन पदों को पर सीधी नियुक्ति होनी है, उनमें डीएसपी, दारोगा, सिपाही और ड्राइवर पद शामिल है। बिहार पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि जिन पदों को पर सीधी नियुक्ति होनी है, उनमें 23 हजार 653 दारोगा, 35 हजार 774 सिपाही और आठ हजार 927 ड्राइवर सिपाही के पद हैं।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का पांचवा स्थापना दिवस शनिवार को मना। इस संदर्भ में बैंक के नेटवर्क कार्यालय दुमका में शनिवार को एक ग्राहक संगोष्ठी आयोजित की गई । झारखंड का अपना बैंक और लोगों की पहली पसंद के रूप में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक निरंतर रूप से आगे बढ़ रहा है। संगोष्ठी में सहायक महाप्रबंधक अभय कुमार ने बताया कि ग्रामीण बैंक राज्य के हर तबके के लोगों तक पहुंच रहा हैं एवं हमारी प्राथमिकता ग्राहकों एवं राज्य के विकास के प्रति सजग रहना है। सरकार एवं जन कल्याण से जुड़ी योजनाएं जो उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करती है, उसे ग्राहकों तक पहुंचाना जारी रहेगा। श्री कुमार ने यह भी बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। बैंक की इस उपलब्धि का श्रेय सम्मानित ग्राहकों



एवं सहकर्मियों को जाता है। 1 अप्रैल 2019 को वनांचल ग्रामीण बैंक एवं झारखंड ग्रामीण बैंक के विलय के बाद राज्य की एकीकृत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की स्थापना हुई थी। हमारा बैंक इस माह को उत्सव माह के रूप में मनाएगा जिसमें सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यों को चरणबद्ध तरीके से ग्राहकों एवं लोगों तक पहुंचाया जाएगा। पहले चरण में 1 से 10 अप्रैल तक शाखा के कर्मीगण स्वच्छता से संबंधित जागरूकता के संदर्भ में कार्य करेगी। दूसरे चरण में 11 से 20 अप्रैल तक स्वास्थ संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपने ग्राहकों एवं आसपास जुड़े लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के बारे में बताएंगे तीसरे एवं अंतिम चरण 21 से 30 अप्रैल तक हरियाली योजना के तहत आसपास के क्षेत्रों में शाखाओं द्वारा पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक एवं उत्कृष्ट छात्रों को भी हमारे बैंक के द्वारा सम्मानित करने की योजना है। इस अवसर पर दुमका शहर के शाखा, डांगालपाड़ा शाखा एवं गुहियाजोरी शाखा के समस्त स्टाफ सदस्य एवं ग्राहक मौजूद थे।

## आर्म्स एक्ट के अभियुक्त दो सगे भाई गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त

**मेराल।** पुलिस ने शनिवार को आर्म्स एक्ट के दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र के बंका गांव निवासी सतेंद्र चौधरी के पुत्र प्रवीण चाधैरी एवं रुपेश चौधरी के खिलाफ 31 मार्च को मेराल थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दोनो सगे भाई प्रवीण चौधरी एवं रुपेश चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# किशोर की हत्या कर बिजली टावर पर चढ़ा आरोपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को एक अजीबोगरीब घटना हुई, जहां 14 साल के बच्चे की गर्दन काटने वाले आरोपी की ग्रामीणों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस दौरान पुलिस तमाशबीन बनी रही लेकिन भीड़ ने न केवल कानून अपने हाथ में लिया बल्कि फैसला भी ऑन स्पॉट ही कर दी। घटना मसौढ़ी के पुनपुन की है। ग्रामीणों के डर से आरोपी बिजली के हाई टेन्शन टावर पर था चढ़ा रहा। इस दौरान पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव भी किया जिसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर



पहुंची और लोगों को शांत कराने के लिये कई राउंड फायरिंग भी की गई लेकिन गुस्साये लोग नहीं माने। मसौढ़ी, पुनपुन के अकौना मोड़ सड़क के समीप सनकी युवक ने 14 साल के बच्चे की गर्दन काट कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ग्रामिणों के डर से भाग खड़ा हुआ और हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी को नीचे उतरने का प्रयास किया गया। घटनास्थल पर आक्रोशित भीड़ इकट्ठी हो गई। मसौढ़ी एएसपी समेत कई थानों की पुलिस मौजूद थी लेकिन ग्रामीण हत्यारे की भी हत्या करना चाह रहे थे। पुलिस और ग्रामीणों की डर से जब युवक टावर से जमीन पर गिरा तो ग्रामीणों ने लाठी डंडे से उसकी हत्या कर दी।

## 12वीं पास को मिलेगा 2500 रुपये महीने बेरोजगारी भत्ता

**पटना।** बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐलान किया है कि बेरोजागार युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने यह घोषणा ट्विटर पर की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, हमारा हाथ, युवाओं के साथ। छत्तीसगढ़ के शिक्षित युवाओं को 1 अप्रैल से 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का आदेश जारी किया गया है। पंजीयन में सुगमता के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अप्रैल माह में किसी भी दिन किए गये आवेदनों पर, घोषणा अनुसार, भत्ता 1 अप्रैल से ही देय होगा।

# बेटियों ने बढ़ाया मान, अब सपनों को लगे पंख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** कहते हैं अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो हालात चाहे कितने भी मुश्किलों क्यों न हो, लोग मंजिल पा ही लेते हैं। यह बात बिहार की उन खास बेटियों पर पूरी तरह से चरितार्थ बैठती है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बीच बिहार बोर्ड इंटर की परीक्षा पास कर अपने हौसलों के पंखों से बड़ी उड़ान भरी है। दरअसल हम बात कर रहे हैं बिहार की राजधानी पटना स्थित खिलखिलाहट रेनबो होम्स की दो वैसी लड़कियों की, जिनके लिए स्कूल जाना और पढ़ाई करना आसान नहीं था। बताया




जाता है कि दोनों बेटियां अपने परिवार में पहली लड़की हैं, जिन्होंने फर्स्ट डिवीजन से इंटर की परीक्षा पास की है।

## आधे रास्ते शांतिपूर्ण चला जुलूस...फिर हुई पत्थरबाजी

**नालंदा।** बिहार के सासाराम और नालंदा में शुक्रवार को दो समुदायों के बीच हुई हिंसा के बाद दोनों जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। वहीं हिंसा की वारदातों के बाद सासाराम और नालंदा में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। नालंदा के बिहारशरीफ में बीते 24 घंटे में हुई हिंसा की वारदातों से पूरा जिला दहशत में है। रामनवमी पूजा के बाद बजरंग दल के द्वारा विशाल जुलूस निकाला गया था। बताया जा रहा है कि इस जुलूस में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जुलूस शांतिपूर्वक शहर के बीच सड़क से गुजर रहा था।

# बिहार में अब टोल प्लाजा से गुजरना हो गया और महंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** अगर आप भी नेशनल हाईवे के जरिए सफर करते हैं, तो टॉल प्लाजा से गुजरना पड़ता ही होगा और टॉल टैक्स देते ही होंगे। अब एक अप्रैल से जब भी टॉल प्लाजा से गुजरेंगे तो पहले के मुकाबले ज्यादा टोल टैक्स देना होगा। जी हां, राष्ट्रीय राजमार्गो पर मौजूद टोल प्लाजा पर एक अप्रैल से बढ़ी दर से टैक्स की वसूली की जाएगी। 5 से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि अलग-अलग टोल प्लाजा पर की गई है। अगर बिहार की बात करें तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिहार में 29 टोल प्लाजा हैं। जहां से



गुजरने वाले वाहनों से यह राशि ली जाती है। आपको बता दें कि बढ़ी हुई दर 31 मार्च की मध्य रात्रि 12 बजे के बाद से वसूली जा रही है। पटना-बख्तियारपुर टोल प्लाजा के महाप्रबंधक बीएन चौधरी के अनुसार कार, जीप, वैन समेत अन्य छोटे वाहन का टैक्स 125 रुपये से बढ़कर 130 रुपये किया गया है। हल्के व्यावसायिक वाहनों और मिनी बसों का टैक्स 190 रुपये की जगह 200 रुपये होगा। बस, ट्रक और छह चक्के वाले वाहन का टैक्स 380 की जगह 400 रुपया होगा। इससे अधिक चक्का वाले वाहन को 575 के बदले 605 रुपये लगेंगे। आपको बता दें कि हर टोल प्लाजा में अलग-अलग टैक्स वाहनों से वसूला जाता है। टोल प्लाजा कितनी पुरानी है और कितनी दूरी तक वह एनएच से जुड़ी है, इस आधार पर टैक्स की दर तय होती है।

**बिहार के प्रमुख टॉल प्लाजा**

बिहार के नेशनल हाईवे पर प्रमुख टोल प्लाजा में पटना-बख्तियारपुर के अलावा फुलपरास-फारबिसगंज, मोकामा- मुंगेर, पूर्णिया- दालकोला, औरंगाबाद-वाराणसी सेक्शन, मुजफ्फरपुर- बारसोई, फारबिसगंज- पूर्णिया, खगड़िया झ पूर्णिया, कोटवा झ महेषी, मुजफ्फरपुर-सोनवर्षा, औरंगाबाद-बाराचट्टी, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर, छपरा- सीवान आदि शामिल हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा- निर्देश में साफ किया गया है कि टोल प्लाजा पर यातायात का दबाव अधिक हो तब भी उनको अधिक देर तक वहां नहीं रोकना है।

## किसी ने रची है साजिश सासाराम-नालंदा हिंसा पर बोले सीएम नीतीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सासाराम और नालंदा में हुए सांप्रदायिक घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नाराजगी जताते हुए इसे साजिश करार दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अभी तक बिहार में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं थी, अचानक ऐसा क्या हुआ कि जिसके कारण ऐसी घटना घटी। निश्चित रूप से यह किसी न किसी की साजिश दिखाई पड़ती है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया और जांच के साथ-साथ उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही इस मामले में सारी हकीकत सामने आएगी। अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पहले सासाराम की तस्वीर सामने आई। शाम तक नालंदा से भी ऐसी घटनाओं की तस्वीर तेजी से वायरल होने लगी। नीतीश कुमार ने बताया कि नालंदा से जिन घटनाओं की जानकारी मिली वो चौकाने वाली है। ऐसा पहले कभी हुआ ही नहीं आज क्यों हो रहा है। दरअसल शुक्रवार को सासाराम और नवादा से दो वर्गों के बीच आपसी तनाव बढ़ने का मामला सामने आया था।